नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 239 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 8 जुलाई 2022



जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का आकस्मिक ... पेज -3 पर



कांक्रीट हेलीपैड बनाने से खत्म होगा खेल मैदान- महेश चैनानी पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### 36 ट्रेनें 16 जुलाई तक कैंसिल



**बिलासपुर ।** रेलवे बोर्ड ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ की 36 लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों को बिना किसी वजह के कैंसिल कर दिया है। 10 जुलाई से शुरू होने वाली ये गाड़ियां अब 16 जुलाई तक नहीं चलेंगी। लगातार ट्रेनों के कैंसिल होने से यात्रियों की मुसीबत कम होने के बजाए बढ़ती जा रही है। इधर, रेलवे ने ट्रेनों के कैंसिल करने पर यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है। रेलवे बोर्ड मार्च महीने से इन एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों को लगातार रद्द कर रहा है। पहले इन गाड़ियों को एक माह के लिए कैंसिल किया गया था। फिर बाद में मई तक कैंसिलेशन अवधि बढ़ा दी गई। जून में रेलवे बोर्ड ने अचानक आदेश जारी कर इन गाड़ियों को 9 जुलाई तक के लिए कैंसिल किया था। इसके बाद अब फिर से एक सप्ताह के लिए ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। 10 से 16 जुलाई तक बिलासपुर एवं भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236/18235 बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 9 से 15 जुलाई तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुरङ्करीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को प्रोत्साहित करने मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

### आंगनबाड़ियों और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना में बच्चों को दूध देने से उनमें कुपोषण होगा दूर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गांवों के गौठानों में पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौठानों में उत्पादित दूध की गांवों में खपत करने और पशुओं के चारे की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसान लाभान्वित हो रहे हैं, इसी तरह गौठानों में संचालित डेयरी से उत्पादित दूध की गांवों में खपत और पशुओं के चारे की व्यवस्था होने से पशुपालक लाभान्वित होंगे और पशुपालन के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि गांवों के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से बच्चों को उबालकर दूध उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इससे पशुपालकों को दूध का वाजिब मूल्य मिलेगा। ग्रामीण दूधारु पशुपालन के लिए प्रोत्साहित होंगे। गौ-माता की सेवा होगी। ग्रामीण अंचल में दूध की उपलब्धता बढ़ने से पोषण स्तर बेहतर होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्य सचिव को इसके लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण और राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत हितग्राहियों को अनुदान राशि वितरण के लिए आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ये निर्देश दिए।





# मेडिकल कॉलेज के डीन सहित 4 डाक्टर्स का रजिस्ट्रेशन रद्द

### छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने लापरवाही पर लिया बड़ा एक्शन, रायपुर के नामचीन चिकित्सक शामिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल रायपुर के 4 डॉक्टर का मेडिकल रजिस्ट्रेशन सस्पेंड किया है। इन डॉक्टर के खिलाफ मिल रही शिकायत के बाद मेडिकल काउंसिल ने यह कार्रवाई की है। मेडिकल काउंसिल के चीफ डॉक्टर श्रीकांत राजिमवाले ने दैनिक भास्कर को इस संबंध में जानकारी दी।

जिन डॉक्टर्स का मेडिकल रजिस्ट्रेशन सस्पेंड किया गया है उनमें रिम्स अस्पताल के डीन डॉ गंभीर सिंह सेंडराम, श्री नारायणा अस्पताल के डॉक्टर अजीत लहरिया और कटोरा तालाब के होपवेल हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश चंद्र और डॉक्टर हर्षित गोयंका शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल के चीफ डॉक्टर श्रीकांत राजीव वाले ने बताया कि रिम्स के डीन डॉ गंभीर सिंह के खिलाफ शिकायत मिली थी। इन्होंने 6 स्टूडेंट्स के इंटर्नशिप के बाद इंटर्नशिप कंपलीशन नहीं दिया। इस वजह से काउंसिल की बैठक दो बार बुलाई गई। दोनों ही बैठकों में डॉक्टर गंभीर सिंह नहीं पहुंचे मेडिकल काउंसिल की के आदेश की अवहेलना मानते हुए डॉक्टर गंभीर सिंह का मेडिकल रजिस्ट्रेशन 3 महीने के लिए सस्पेंड किया गया है।





दूसरी शिकायत श्री नारायणा अस्पताल के डॉक्टर अजीत लहरिया के खिलाफ थी। एक मरीज ने मेडिकल काउंसिल को बताया था कि डॉक्टर अजीत ने इलाज में लापरवाही की। इस मामले की जांच के लिए अजीत लहरिया को मेडिकल काउंसिल ने बैठक में पेश होने को कहा । डॉक्टर अजीत बैठकों में नहीं पहुंचे लापरवाह रवैये की वजह से डॉक्टर अजीत का मेडिकल रजिस्ट्रेशन 3 महीने के लिए सस्पेंड किया गया है।

अगली कार्रवाई डॉक्टर राजेश चंद्र और डॉक्टर हर्षित गोयंका पर हुई। कटोरा तालाब में यह होपवेल नाम का हॉस्पिटल चलाते हैं। एक मरीज ने बताया था कि आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की सुविधा देने से उन्होंने मरीज को इनकार किया। इस वजह से इनका मेडिकल रजिस्ट्रेशन 1 साल के लिए सस्पेंड किया गया है।

मोर महापौर-मोर द्वार

# रायपुर नगर निगम के 20 वार्ड में पहुंची शहरी सरकार



**रायपुर।** हर व्यक्ति तक नागरिक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा 'मोर महापौर-मोर द्वार' कार्यक्रम सभी 70 वार्ड में आयोजित हो रहा है। विगत 27 जून से शुरू हुए इस कार्यक्रम में महापौर श्री एजाज़ ढेबर दूरभाष पर नागरिकों से चर्चा कर उनकी शिकायतें सुनते है एवं उसी दिन पूरी शहरी सरकार एक साथ बस में सवार होकर नियत वार्ड में जाकर समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित करती है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 4846 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। मोर महापौर-मोर द्वार कार्यक्रम 5 अगस्त तक संचालित होगा।

वार्डवार जन शिकायतों के निराकरण के लिए लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे है, जिनमें महापौर, एम.आई.सी. के सदस्य, नगर निगम आयुक्त सहित मुख्यालय व जोन के अधिकारी उपस्थित रहते है।



स्टंट पर एक्शन

# एक स्कूटर पर 4 लड़कियां, बाइक पर 5 लड़के भर रहे थे रफ्तार

**रायपुर ।** रायपुर में लापरवाह ड्राइविंग का एक और मामला सामने आया है। कुछ लड़कियों का ग्रुप एक ही स्कूटर में सवार होकर हाइवे पर निकला था। एक स्कूटर पर 4 लड़कियां सवार थीं। पूरी रफ्तार में इनकी गाड़ी भाग रही थी। इनका वीडियो बनाकर किसी ने पुलिस से शिकायत कर दी। लड़कों का भी ऐसा ही एक ग्रुप नजर आया। इसमें 5 युवक एक ही बाइक पर सवार थे। टंकी पर बैठकर युवक ड्राइव कर रहा था और पीछे तक लड़के लटके हुए थे। इनकी शिकायत पुलिस तक पहुंची। अब पुलिस ने लड़के लड़कियों पर 2500-2500 का फाइन ठोका है। इनके पेरेंट्स से भी पुलिस ने बात करके लापरवाही के बारे बताया है।



### रायपुर पुलिस ने ठोका 2500-2500 का फाइन

### 3 दिन पहले 4 हजार का फाइन

तीन दिन पहले रायपुर की पुलिस ने एक बाइक सवार पर कार्रवाई की है। ये युवक लहरा कर खतरनाक ढंग से ड्राइव कर रहा था। बाइक के नंबर के आधार पर रायपुर की पुलिस ने युवक का पता लगा लिया। युवक का नाम अमर बंजारे है, जो तेलीबांधा इलाके का ही रहने वाला है। पुलिस ने स्टंट करते हुए सिग्नल तोड़ने की वजह से इस पर 4000 का भारी भरकम जुर्माना लगाया है।

# ठेकेदार की मनमानी और प्रशासन की मौन स्वीकृति ठगे महसूस कर रहे आदिवासी किसान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़। ठेकेदार की मनमानी और प्रशासन की मौन स्वीकृति ठगे महसूस कर रहे हैं आदिवासी किसान। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से कापू रोड का एडीबी प्रोजेक्ट के तहत सड़क का निर्माण किया जा रहा है









जिसमें धरमजयगढ़ सहित 13 ग्रामों के किसानों का भूमि प्रभावित हो रहा है जिनके भूमि का अर्जन किया जाना है। पर यहां नियम कानून को जेब में रखने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के भोले-भाले आदिवासियों को धमका चमका के भू-अर्जन किए बिना ही किसानों की जमीन पर कब्जा कर काम किया जा रहा है किसानों द्वारा विरोध करने पर ठेकेदार के गुंडे नूमा कर्मचारियों द्वारा धमकाया जाता है कि यह शासकीय योजना है मुआवजा मांगना है तो एसडीएम से मांगो। विदित हो पीछले दो वर्ष से किसानों की जमीन पर अवैध रूप से ठेकेदार द्वारा कब्जा कर रखा गया है जिससे किसानों को अपने खेतों में कृषि कार्य करने में दिक्कत आ रहा है। यहां यह बताना जरूरी है कि यह अनुसूचित क्षेत्र है यहां किसी भी तरह के कार्यों के लिए ग्राम सभा से अनुमोदन जरूरी है लेकिन प्राप्त जानकारी अनुसार ठेकेदार द्वारा इसमें फर्जीवाड़ा किया जा रहा है सबसे आश्चर्य की बात है कि भू-अर्जन अधिकारी एसडीएम की इन सब फर्जी कार्यो में मौन स्वीकृति है। अगर इस परियोजना का उच्च स्तरीय जांच किया गया तो करोड़ों का घोटाला उजागर होगा साथ ही खनिज संपदा का अवैध दोहन का मामला भी सामने आ सकता है।

**लोकार्पण...** तीन करोड़ 40 लाख पांच हजार रूपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

# डॉ. डहरिया ने करीब छह करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत मंदिर हसौद में करीब छह करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



इनमें दो करोड़ 55 लाख 43 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं तीन करोड़ 40 लाख पांच हजार रूपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन शामिल है।

डॉ. डहरिया ने मंदिर हसौद के विभिन्न चार स्थानों पर 56.53 लाख रूपए के सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-2 में 40 लाख रूपए की लागत से हाट बाजार निर्माण, 51.80 लाख रूपए की लागत से दो एसएलआरएम सेंटर निर्माण, 40.45 लाख रूपए की लागत से मुक्तिधाम निर्माण कार्य, 17.68 की लागत से चौक सौन्दर्यीकरण और 15.98 लाख रूपए की लागत से आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसी तरह से 10.84 लाख रूपए के कम्पोस्ट शेड, मंदिर हसौद में 10 लाख रूपए की लागत से दो हाईमास्ट, विभिन्न शासकीय भवनों में एलईडी बोर्ड के कार्य एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। डॉ डहरिया ने कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी प्रदान की। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने मंदिर हसौद में 91.07 लाख रूपए के विभिन्न सी.सी. रोड निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण लागत 78.75 के कार्यों का भूमिपूजन किया। इसी तरह 30 लाख रूपए की लागत से विद्युत पोल विस्तार कार्य एवं ट्रांस्फार्म 24.41 लाख रूपए की लागत से हाई मास्क लाईट पोल एवं एलईडी लाईट लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया।



# एंकर 7 दिन में रायपुर के थाने में हाजिर हों: न्यूज चैनल दफ्तर पर चस्पा किया नोटिस

### रोहित को ले जाने वाले पुलिसकर्मियों की शिकायत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस एंकर रोहित रंजन को नहीं पकड़ पाई। गिरफ्तार करने के लिए पहुंची रायपुर पुलिस की टीम के सामने ही चकमा देकर नोएडा पुलिस रोहित रंजन को ले गई। उसे गिरफ्तार किया गया और फिर जमानत दे दी गई। इसके बाद रोहित लापता हैं। इसके बाद रायपुर पुलिस ने रोहित को फरार घोषित कर दिया है। रायपुर पुलिस न्यूज चैनल के दफ्तर पहुंची और वहां रोहित के थाने में हाजिर होने का नोटिस चस्पा कर दिया। एक दिन पहले एंकर के सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात आई थी, पर याचिका ही दायर नहीं की गई। रायपुर पुलिस के डीएसपी उदयन बिहार ने बताया नोटिस चैनल के प्रोड्यूसर उसको देना चाहा। इसमें जो रायपुर पुलिस ने जानकारी मांगी कि विवादित शो में वीडियो क्लिप कहां से हासिल की गई। किसने कंटेंट तैयार किया, मगर इस नोटिस को लेने से न्यूज़ चैनल वालों ने इंकार कर दिया। ऐसे में रायपुर की पुलिस ने चैनल दफ्तर के बाहर ही इस नोटिस को चिपका दिया। रोहित रंजन फरार हैं ऐसे में अब रोहित रंजन को 7 दिन के भीतर रायपुर के सिविल लाइंस थाने में पेश होकर अपना पक्ष रखने का नोटिस जारी किया है।



# अनुशासित जीवन का मार्ग है अग्निपथ, शिक्षा पर जोर देने की जरूरत

सशस्त्र बलों को हमारे देश में सबसे विश्वसनीय, ईमानदार और अनुशासित संगठन के रूप में आदर दिया जाता है। राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। लगभग दो दशक पहले मैंने मुंबई में एक अभिनेता मित्र के साथ एक फिल्म के सेट पर आधा दिन बिताया। वहां मुझे भारत के शीर्ष अभिनेताओं में से एक के साथ बातचीत का अवसर मिला।

हम हर तरह की बातें कर रहे थे और हमारी बातचीत राष्ट्रीय चरित्र पर होने लगी, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर युवक या युवती को सैन्य जीवन का स्वाद चखना चाहिए, क्योंकि इससे राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण होगा। सेना आपके व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करती है। हर किसी के लिए सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करना संभव नहीं था, क्योंकि यह एक महंगा प्रस्ताव था और एक विकासशील राष्ट्र के रूप में हम इसे वहन करने में सक्षम नहीं होंगे और हमने इसी निष्कर्ष के साथ उस पर बातचीत को विराम दिया। हममें से कुछ लोग कहते हैं कि हमारा कोई राष्ट्रीय चरित्र नहीं है और ऐसा कहने वाले पूरी तरह से गलत नहीं हैं। हमने मूल्यों और चरित्र को खिड़की से ऐसे बाहर फेंक दिया है, मानो कुछ हुआ ही नहीं। युवा बसें जला रहे हैं, मानो




**अग्निवीर**

अग्निवीर 18 से 21 साल की उम्र में सेना में शामिल हो जाएगा और चार साल बाद 22 से 25 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हो जाएगा, जो एक नई पारी शुरू करने के लिए अच्छी उम्र है। फ्रांज काफ्का ने कहा है, ईश्वर आपको बादाम देता है, वह उसे आपके लिए तोड़ता नहीं है।

कानून या बड़ों या सरकार की उन्हें कोई परवाह नहीं है। पत्थर फेंकना और अजीबोगरीब कारणों से किसी की बर्बर हत्या करना दिमाग को चकरा देता है। खबरों में भी यही सब रहता है। स्कूल छात्रों को अनुशासित करने के लिए जूझ रहे हैं, माता-पिता परेशान हैं, क्योंकि बच्चे उनकी सुनते नहीं और ज्यादातर माता-पिता स्कूली कर्मचारियों की इसमें सहायता भी नहीं करते! सबसे पहले सरकार को मूल्यों वाली शिक्षा पर जोर देना चाहिए। गणित और विज्ञान से भी ज्यादा इसे तवज्जो मिलनी चाहिए। देश में दस फीसदी कम इंजीनियर हों, तो चलेगा, लेकिन दस फीसदी बुरे चरित्र वाले लोगों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। क्या कोई ऐसे व्यक्ति को चपरासी भी रखना चाहेगा, जिसका चरित्र ठीक नहीं हो या वह भरोसेमंद नहीं हो? कभी नहीं। माता-पिता या शिक्षकों के जरिये आप युवा पीढ़ी में मूल्यों की समझ पैदा नहीं कर सकते। इसके लिए स्थायी समाधान ढूंढ़ने होंगे, भले ही वे कठोर हों। और यह काम रातोंरात नहीं हो सकता है। इसमें लंबा समय लगेगा।

आज युवा अच्छे वेतन वाली, आरामदायक नौकरी चाहते हैं, जहां उनसे कोई सवाल न पूछे और वह काम करे या नहीं, उसे पूरा सम्मान मिलना चाहिए। जबकि एक सैनिक बाहरी दुश्मनों से राष्ट्र की रक्षा करता है, ज्यादा वेतन भी नहीं लेता, और घर-परिवार से दूर दुर्गम जगहों में काम करता है। जाहिर है, दोनों में जो फर्क है, वह है चरित्र। यदि 1.3 अरब की आबादी में से थोड़े से लोगों को हम चरित्रवान बना सकें, तो यह एक बड़ी शुरुआत होगी।

यदि हम सभी युवाओं को सेना या अन्य वर्दीधारी सेवा में नहीं रख सकते, तो कुछ अच्छे पुरुष व महिलाओं को अग्निवीर के रूप में चार साल के लिए रखें, तो यह अच्छी शुरुआत होगी। ये थोड़े से चरित्रवान लोग समाज की तस्वीर बदल सकते हैं। अग्निवीरों को सेवा के चौथे वर्ष में प्रति महीना 40,000 रुपये मिलेंगे। यानी प्रति वर्ष 4.8 लाख रुपये का पैकेज, जो मध्य स्तरीय बिजनेस स्कूल के एमबीए को भी नहीं मिलता। इससे भी बड़ी बात है कि सरकार के समान योगदान के बाद सेवा खत्म होने पर अग्निवीरों को 11.771 लाख रुपये मिलेंगे, जो कर मुक्त है! यह बताना भी ठीक होगा कि रहने, खाने, चिकित्सा आदि रोजमर्रा की अधिकांश जरूरतों के लिए सेना खुद खर्च करेगी, इसलिए अग्निवीरों को इन सब पर खर्च करने की जरूरत नहीं है। कॉरपोरेट भाषा में कंपनी की सालाना सीटीसी 4.8 लाख रुपये से बहुत ज्यादा होगी। इसलिए बारहवीं पास के लिए छह लाख का पैकेज बहुत बड़ी बात है। मान लीजिए, वही व्यक्ति अग्निवीर बनने के बजाय बारहवीं के बाद कॉलेज में स्नातक करने जाता है। पैसे खर्च करने और तीन साल कॉलेज में बिताने के बाद भी नौकरी की गारंटी कहां है? तीन साल बाद उसके पास न नौकरी होगी, न पैसे होंगे और न ही हुनर होगा। वह न अपने माता-पिता की मदद कर सकता है, न राष्ट्र या समाज की। दुनिया भर में निजी क्षेत्रों में नौकरी पर रखने से ज्यादा तेजी से नौकरी से निकाला जाता है। बीस हजार रुपये प्रति महीने की नौकरी के लिए कई चरणों में इंटरव्यू होते हैं, लेकिन मिनटों में बिना किसी इंटरव्यू के उसे हटा दिया जाता है। इसलिए युवाओं को सरकार को दोष देने के बजाय नौकरी के लायक खुद को तैयार करना चाहिए।

वीरेंदर कपूर

## संपादकीय

### चीन का अविश्वास

चीन ने पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों की रक्षा का भार किसी चीनी एजेंसी को देने की मंशा जताई है। स्पष्टत: किसी अन्य देश की क्षमता पर अविश्वास करते हुए वहां अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाना चीन की समस्याग्रस्त सोच है। बेहतर तो यह होता कि चीन इस प्रश्न पर विचार करता कि पाकिस्तान जैसे उसके दोस्त देश में उसकी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को लेकर विरोध भाव क्यों फैलता जा रहा है? चीन इन्हें सबके फायदे के प्रोजेक्ट बताता है। लेकिन जिन लोगों के कथित लाभ के लिए उन्हें निर्मित किया जा रहा है, आखिर वे उससे क्यों खफा हैं? लेकिन इस पर विचार करने के बजाय वह अब पाकिस्तान में अपने सुरक्षा बल तैनात करना चाहता है। फिलहाल, पाकिस्तान गहरे आर्थिक संकट में है। चीन और सऊदी अरब ही दो ऐसे देश हैं, जो इस मौके पर उसकी मदद के लिए सामने आए हैं। इसलिए पाकिस्तान चीनी मंशा को कब तक ठुकरा पाएगा, कहना मुश्किल है। लेकिन किसी अन्य देश की क्षमता पर अविश्वास करते हुए वहां अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाना चीन की एक समस्याग्रस्त मानसिकता है। एक वेबसाइट की एक खास रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों की रक्षा का भार किसी चीनी एजेंसी को देने की मंशा जताई है।

गौरतलब है कि हाल में पाकिस्तान में कई चीन की परियोजना वाले कई ठिकानों पर हमले हुए हैं। उनमें चीनी नागरिकों की मौत भी हुई है। अभी आई खबर के मुताबिक चीन के अनुरोध को फिलहाल पाकिस्तान सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। लेकिन चीन ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान सरकार पर दबाव बना रखा है।

## पिछले दरवाजे से जीएम फसल लाने की तैयारी, नए सिरे से फिर उठते विवाद के मायने

*हाल के समय में भारत सहित अनेक देशों में नए सिरे से विवाद आरंभ हो गया है कि जीन एडिटिंग तकनीक के माध्यम से पिछले दरवाजे से जीएम (जेनेटिकली मोडिफाइड या जेनेटिक रूप से संवर्धित) फसलों को प्रवेश दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। यूरोपीय संघ में अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि जीन एडिटिंग की तकनीक को भी जीएम फसलों की श्रेणी में ही रखा जाएगा। इसके बाद जीएम फसलों के प्रसार वाली कंपनियों का ध्यान भारत की ओर गया है, इस कारण हमारे देश में जीएम खाद्य फसलों व खाद्यों के प्रसार की आशंका बढ़ गई है।*

ध्यान रहे कि अभी तक केवल कपास की गैर-खाद्य फसल के मामले में ही जीएम फसल बीटी कॉटन की अनुमति दी गई थी। किसी जीएम खाद्य फसल की अनुमति नहीं दी गई है। दो बार जीएम बैंगन की फसल व फिर जीएम सरसों को फैलाने के लिए बहुत जोर लगाया गया, पर व्यापक विरोध के कारण यह प्रवेश नहीं मिल सका। जीएम फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार यह रहा है कि ये फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा यह असर जेनेटिक प्रदूषण के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है।

इस विचार को इंडिपेंडेंट साइंस पैनल (स्वतंत्र विज्ञान मंच) ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। इस पैनल में एकत्र हुए विश्व के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जीएम फसलों पर एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया, जिसके निष्कर्ष में उन्होंने

**खेती-किसानी**



कृषि व खाद्य क्षेत्र में जेनेटिक इंजीनियरिंग की प्रौद्योगिकी मात्र लगभग छह-सात बहुराष्ट्रीय कंपनियों (व उनकी सहयोगी या उप-कंपनियों) के हाथ में केंद्रित हैं। इन कंपनियों का मूल आधार पश्चिमी देशों व विशेषकर अमेरिका में है।

कहा है - %जीएम फसलों के बारे में जिन लाभों का वादा किया गया था, वे प्राप्त नहीं हुए हैं और ये फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं उपस्थित कर रहीं हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रांसजेनिक प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। इन फसलों की सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई, तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती है, जिसे फिर ठीक नहीं किया जा सकता है। जीएम फसलों को अब दृढ़ता से खारिज कर देना चाहिए, अस्वीकृत कर देना चाहिए। 2009-10 में भारत में बीटी बैंगन के संदर्भ में जीएम के विवाद ने जोर पकड़ा, तो विश्व के 17 विख्यात वैज्ञानिकों ने भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस बारे में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करवाई। पत्र में कहा गया कि जीएम प्रक्रिया से गुजरने वाले पौधे का जैव-रसायन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है, जिससे उसमें नए विषैले या एलर्जी उत्पन्न करने वाले तत्त्वों का प्रवेश हो सकता है। उसके पोषक गुण कम हो सकते हैं या बदल सकते हैं। जीव-जंतुओं को जीएम खाद्य खिलाने पर आधारित अनेक अध्ययनों से जीएम खाद्य के गुर्दे (किडनी), यकृत (लिवर) पेट व निकट के अंगों (गट), रक्त कोशिका, रक्त जैव रसायन व प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी सिस्टम) पर नकारात्मक स्वास्थ्य असर सामने आ चुके हैं। कृषि व खाद्य क्षेत्र में जेनेटिक इंजीनियरिंग की प्रौद्योगिकी मात्र लगभग छह-सात बहुराष्ट्रीय कंपनियों (व उनकी सहयोगी या उप-कंपनियों) के हाथ में केंद्रित हैं। इन कंपनियों का मूल आधार पश्चिमी देशों व विशेषकर अमेरिका में है। इनका उद्देश्य जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से विश्व कृषि व खाद्य व्यवस्था पर ऐसा नियंत्रण स्थापित करना है, जैसा विश्व इतिहास में आज तक संभव नहीं हुआ है। इन सब तथ्यों व जानकारियों को ध्यान में रखते हुए सभी जीएम फसलों का विरोध जरूरी है। कुछ समय पहले देश के महान वैज्ञानिक प्रोफेसर पुष्प भार्गव का निधन हुआ है। वह सेंटर फॉर सेल्यूलर ऐंड मॉलीक्यूलर बायोलॉजी, हैदराबाद के संस्थापक निदेशक रहे व नैशनल नॉलेज कमीशन के उपाध्यक्ष रहे।

भारत डोगरा

## मिला जुला

### अंधाधुंध गोलियां चलाकर भागे कातिल; भारी फोर्स तैनात

# टीएमसी नेता समेत 3 लोगों की हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में टीएमसी नेता स्वपन माझी की आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके साथ ही दो अन्य लोगों को गोली मारी गई, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।

यह तिहरा हत्याकांड आज सुबह उस वक्त हुआ, जब टीएमसी नेता बाइक से अपने दो साथियों के साथ घर से निकले थे। इस दौरान कुछ लोगों ने मोटरसाइकिल को रोककर अंधाधुंध फायरिंग की और फरार हो गए। गोलियां लगने से टीएमसी लीडर और उनके दोनों साथियों की मौके पर ही मौत हो गई।

फिलहाल भारी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया। मौके से कारतूस के खोखे और बम बरामद किए जाने की खबर है। स्वपन माझी टीएमसी के नेता हैं और स्थानीय पंचायत के सदस्य भी थे। केनिंग पश्चिम के टीएमसी विधायक परेश राम दास ने कहा कि हत्यारों ने पहले तो टीएमसी नेता समेत तीन लोगों को गोली मारी और फिर उनके सिर भी काटने की कोशिश की थी। एक




वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'तीन लोगों की हत्या हुई है। जांच जारी है। मृतकों की पहचान स्वपन माझी, झानतु हलदर और भूतनाथ प्रमाणिक के तौर पर हुई है।' यह घटना आज सुबह करीब 9 बजे हुई, जब तीनों टीएमसी के स्थानीय दफ्तर जा रहे थे। दरअसल 21 जुलाई को टीएमसी की दक्षिण 24 परगना में एक रैली होने वाली है। उसकी तैयारियों के लिए ही स्वपन माझी अपने साथियों के साथ निकले थे।

### पहले ही जताई थी हत्या की आशंका, विधायक ने किया खुलासा

केनिंग की गोपालपुर पंचायत के वह सदस्य थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक अज्ञात लोगों ने मोटरसाइकिल को रोका था, जिसमें स्वपन माझी समेत तीनों लोग सवार थे। पहले उन लोगों ने माझी को गोली मारी और फिर जब हलदर और प्रमाणिक ने भागने की कोशिश की तो उन्हें भी गोली मार दी गई। उन लोगों की हत्या करने के बाद उनका गला भी काटने की कोशिश की गई थी। विधायक परेश राम दास ने कहा, 'माझी मंगलवार रात को मेरे पास आए थे और कहा था कि मेरी हत्या की जा सकती है। मैंने उनसे कहा था कि गुरुवार दोपहर को आएं ताकि मैं पुलिस से बात करूं और सुरक्षा की कुछ व्यवस्था कराई जा सके।'

इस घटना के लिए टीएमसी ने एक तरफ भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है तो वही भाजपा का कहना है कि यह उसकी आंतरिक कलह का नतीजा है। टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, 'हम इस मामले में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। यह टीएमसी पर हमला है। भाजपा हमारे दल को कमजोर करना चाहती है और राज्य की छवि को भी खराब करने का प्रयास कर रही है। वे हिंसा कर रहे हैं और फिर शिकायतें करते हैं कि राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है।' इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि टीएमसी की इस थ्योरी पर तो कोई बच्चा भी भरोसा नहीं करेगा।

### लालू को देखने दिल्ली एम्स पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती करा दिया गया है। पटना में पत्नी राबड़ी देवी के सरकारी आवास में गिरने के कारण कंधे में फैक्चर व चोट के बाद तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती रात वहां से एयर एंबुलेंस द्वारा दिल्ली ले जाकर उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है। इस बीच तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि दवाओं के ओवरडोज के कारण लालू की हालत बिगड़ी। उनका पूरा शरीर लाक हो चुका है। आज दिल्ली एस में भर्ती लालू को देखने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय पहुंचे। उन्होंने डाक्टरों से मिलकर लालू के स्वास्थ्य का हाल भी जाना।

## छ.ग. मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 का उल्लंघन, 3 राईस मिलों पर शिकंजा

81 हजार 6 सौ 14 क्विंटल धान और 6 हजार 445 क्विंटल चांवल जब्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

खाद्य विभाग द्वारा नियमों की अनदेखी करने वाले जिले के राइस मिलों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि मेसर्स मनीष एण्ड एसोसिएट्स राईस मिल, ग्राम मौलीमुड़ा, तहसील बागबाहरा एवं मेसर्स बालाजी इण्डस्ट्रीजए ग्राम झलप, तहसील बागबाहरा का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें मेसर्स मनीष एण्ड एसोसिएट्स राईस मिल द्वारा कस्टम मिलिंग से संबंधित पंजियां संधारित नहीं किये जाने तथा मिलर मॉड्यूल में मिलिंग संबंधी मासिक जानकारी दर्ज कर मासिक विवरणी को सत्यापित प्रति खाद्य विभाग में जमा नहीं किये जाने के कारण खाद्य विभाग ने फर्म द्वारा छत्तीसगढ़ मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 के प्रावधानों का किया जाना पाया गया तथा फर्म के पार्टनर मनीष अग्रवाल से 52814 क्विंटल धान और 2984 क्विंटल चावल जब्त किया गया है। इसी प्रकार मेसर्स बालाजी इण्डस्ट्रीज द्वारा भी कस्टम मिलिंग से संबंधित पंजियों संधारित नहीं किये जाने तथा मिलर माड्यूल में मिलिंग संबंधी मासिक जानकारी दर्ज कर मासिक विवरणी को सत्यापित प्रति खाद्य विभाग में जमा नहीं जाने के कारण खाद्य विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेशए 2016 के अंतर्गत प्रकरण निर्मित कर फर्म के संचालक मनोज कुमार जिंदल से धान 28800 क्विंटल एवं चावल 3461 क्विंटल जब्त किया गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम कार्रवाई की जा रही है।


वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में कस्टम मिलिंग करने के लिये धान का उठाव पश्चात् चावल जमा नहीं करने के कारण खाद्य विभाग के द्वारा पिछले वर्ष इसी माह की तारीख़ 6 जुलाई 2021 को मेसर्स लक्ष्मी राईस मिल बसना की जांच की गई थी। जांच में छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर 4400 क्विंटल धान, 938 क्विंटल उसना चावल एवं 108.50 क्विंटल कनकी जब्त कर प्रकरण निर्मित किया गया था। प्रकरण में विभाग के द्वारा फर्म के संचालक राजेश अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस के अंदर लिखित स्पष्टोकरण मांगा गया। फर्म के द्वारा समयावधि में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उन्हें स्मरण पत्र जारी किया गया संबंधित फर्म द्वारा कोई पत्र अथवा स्पष्टोकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने पर फर्म के मिल परिसर को विद्युत आपूर्ति विच्छेद कर दी गई है तथा कृषि उपज मण्डी समिति, बसना के द्वारा फर्म के नाम से जारी अनुज्ञप्ति निलम्बित करने की कार्रवाई की जा रही है।

## कलेक्टर ने जशपुर के पर्यटन स्थल देशदेखा का किया आकस्मिक निरीक्षण

पर्यटन स्थल की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे- कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस जशपुर जनपद के किनकेल पंचायत स्थित देशदेखा पर्यटन स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक जशपुर राजेश अग्रवाल, जनपद सीईओ प्रेम सिंह मरकाम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने देशदेखा पर्यटन स्थल स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस हेतु स्थल की नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं के लिए खाली जगह पर बैठक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।



अग्रवाल ने उक्त स्थल पर दुर्घटना से बचाव के लिए स्थल के किनारे-किनारे स्थानीय साधनों से घेरा करने एवं असामाजिक तत्वों का भी पर्यटन स्थल पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने पर्यटन स्थल पर निर्माणाधीन शौचालय का भी अवलोकन कर शौचालय निर्माण के शेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा कल विकासखण्ड नवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला जैतपुरी तथा सम्बलपुर, हाई स्कूल खेड़ा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूरता तथा अंधियारखोर, नवाजतन प्रशिक्षण केन्द्र सम्बलपुर एवं अंधियारखोर के साथ ही विकासखण्ड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला खर्रा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।**



निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला जैतपुरी निर्धारित विद्यालयीन समय पर बंद पाया गया, बच्चे विद्यालय परिसर के अन्दर तथा मुख्य सड़क पर खेलते पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने बच्चों से विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति तथा पढ़ाई के संबंध में बात की। बच्चों से पूछे जाने पर विद्यालय में रूपेन्द्र कुमार साहू, अनुप कुमार वर्मा एवं कौशल कुमार गेन्ड्रे कार्यरत होने की जानकारी दी गई। बच्चों ने बताया कि इनमें से शिक्षक साहू एवं वर्मा द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है, शिक्षक गेन्ड्रे कभी-कभी विद्यालय में उपस्थित होते हैं तथा विलम्ब से आते हैं और अध्यापन कार्य भी नहीं कराया जाता। 16 मार्च 2022 को भी विद्यालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कौशल कुमार गेन्ड्रे विद्यालय मे अनुपस्थित पाए गए थे जिसके लिए संबंधित शिक्षक को नोटिस जारी किया गया था परन्तु संबंधित द्वारा अनुशासनहीनता दिखाते हुए आज पर्यन्त जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। संबंधित द्वारा लगातार विद्यालयीन कार्य में स्वेच्छाचारिता तथा कार्यालयीन आदेशों की अवहेलना की गई है इस पर जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा संबंधित शिक्षक कौशल कुमार गेन्ड्रे को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। नवाजतन प्रशिक्षण संकुल केन्द्र सम्बलपुर में आयोजक 3 सीएसी तथा समस्त प्रशिक्षणार्थी शिक्षक निर्धारित समय प्रातः 10 बजे अनुपस्थित थे साथ ही नवा जतन प्रशिक्षण संकुल केन्द्र अंधियारखोर में भी दोपहर 12 बजे तक प्रशिक्षणार्थियों के उपस्थिति अनुपस्थिति के संबंध में पंजी संधारित नहीं की गई थी। प्रशिक्षण केन्द्र में अनुशासनहीनता तथा शिक्षकों की समय में अनुपस्थिति के संबंध में प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी एवं शिक्षकों को नोटिस जारी करने हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ को निर्देशित किया गया है तथा समस्त प्रशिक्षणार्थियों के एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया गया। शासकीय हाई स्कूल खेड़ा में प्रातः 10.45 बजे उपस्थित समस्त शिक्षक स्टाफ रूम में बैठे पाए गए, आज पर्यन्त शाला समय सारणी तैयार नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान प्रायोगिक कक्ष बंद पाया गयाए किसी भी विषय का प्रायोगिक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है तथा समस्त विषयों की पढ़ाई भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा ने संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी को उपस्थित समस्त शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोके जाने हेतु निर्देशित किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियारखोर तथा मुरता में भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान विषय का प्रायोगिक कार्य प्रारंभ नही कराये जाने के संबंध में प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। विकासखंड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला खर्रा के शिक्षक मुकेश देवांगन बिना किसी सूचना में निर्धारित शाला समय में अनुपस्थित पाये गये। संबंधित देवांगन को नोटिस जारी किया गया।

## एक नजर

### 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम करपिहा मे आरोपी राजकुमार मरावी अपने घर के पास आंगन में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ था आरोपी राजकुमार मरावी पिता स्वण् देवीलाल मरावी उम्र 43 वर्ष ग्राम करपिहा निवासी के कब्जे से कोटा पुलिस के द्वारा हाथ भट्टी से बना हुआ 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ अबकारी एक्ट अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें सर्पदंश से पत्थलगांव तहसील के ग्राम बटुराकछार निवासी सोहद्री बाई की मृत्यु 29 अगस्त 2021 को हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति श्री पंडित राम हेतु 4 लाख एवं पत्थलगांव तहसील के ग्राम पंडरीपानी निवासी दया राम की मृत्यु 13 अगस्त 2021 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी श्रीमती फुलकुवारी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1 जून से अब तक 128.6 मिमी वर्षा

जजोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 128.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 7 जुलाई तक औसत वर्षा 265.7 मिमी हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक जशपुर तहसील में 103.5 मिमी, मनोरा में 160.8 मिमी, कुनकुरी में 111.1 मिमी, दुलदुला में 155.2 मिमी, फरसाबहार में 117.8 मिमी, बगीचा में 187.6 मिमी, कांसाबेल में 35.3 मिमी, पत्थलगांव में 110.5 मिमी एवं सन्ना में 175.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

### संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में आज जाति प्रमाण के संबंध में समाज प्रमुखों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिले में संभागीय आयुक्त जी.आर. चुरेन्द्र की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति समुदाय प्रमुखों की बैठक 8 जुलाई 2022 को अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि बैठक में ऐसे जाति के समाज प्रमुख जिनके जाति प्रमाण पत्र बनाने में समस्या हो रही है वे निर्धारित तिथि को बैठक में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

### कलेक्टर के संज्ञान के बाद अब बदलेगी सांगरपुर खुर्द की स्कूल की तस्वीर

**कवर्धा** । जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जनमेजय महोबे के संज्ञान के बाद कवर्धा विकासखण्ड के प्राथमिक स्कूल सांरगपुर खुर्द की तस्वीर अब जल्द ही बदलेगी। कलेक्टर ने बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला मिशन समन्वय को स्कूल में एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण और मंच के पास एक शेड निर्माण की स्वीकृति करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर के निर्देश पर नया भवन का प्रस्ताव संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा गया है। साथ ही जिला शिक्षा मद से 40 हजार रूपए एवं जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की मदद से 20 हजार एकत्र कर स्कूल में अन्य आवश्यक मरम्मद कार्य कराने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि सांरगपुर खुर्द स्कूल परिसर के मंच में तिरपाल से लगाकर बच्चों की पढ़ाई करने वाली खबर सामने आई थी। कलेक्टर ने इस खबर को शीघ्रता से संज्ञान में लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने हाथीसार गांव में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने किया प्रोत्साहित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस जशपुर ब्लॉक के ग्राम हाथीसार पंहुचकर ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एसपी राजेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना सहित अन्य फ्लैग शीप योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्राम में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के साथ ही गाँव में स्कूल, आंगनबाड़ी के संचालन के सम्बंध में जानकारी लेकर स्थानीय अधिकारियों को गंभीरता से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पट्टा निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि अभियान चलाकर शिविर के माध्यम से पात्र सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड, जाति एवं वन अधिकार पत्र बनाया जा रहा है। इस हेतु सभी पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। आप सभी योजना का लाभ लेने हेतु अपने स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने इस दौरान ग्राम में बनाए गए स्टॉप डेम का भी मुआयना किया एवं डेम के साफसफाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# 5 हाट बाजार टीम हेतु एमबीबीएस डॉक्टर्स की नियुक्ति

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिला बेमेतरा में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना अंतर्गत जिले के चिन्हांकित हाट बाजारों में जाकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे गैर संचारी रोग, डेंगू, टीबी, कुष्ठ रोग, एचआईवी जांच, मलेरियाए गर्भावस्था की जांच एनिमिया की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण किया जाता है, साथ ही गंभीर पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में रेफर किया जाता है। जिससे मरीजों का समय रहते इलाज मुहईया कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र जहां स्वास्थ्य संस्था दूर है, उस स्थान पर लगने वाले हाट बाजारों में जाकर जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है, जिले में गठित टीम में 5 एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की गई है, जिसमें से विकासखण्ड बेरला में डॉ गरिमा वर्मा, विकासखण्ड बेमेतरा में डॉ मिलनदीप कौर, विकासखण्ड नवागढ़ में डॉ अंगेश्वर निषाद, विकासखण्ड साजा में डॉअमेय शेष एवं आशिष साहू द्वारा जिले के विकासखण्डों में टीम लीडर के रूप में अपनी सेवायें प्रदान करेंगे।



# नगरपालिका जशपुर में आज बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होने किया गया है अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में आज पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक नगर पालिका जशपुर में आयुष्मान कार्ड पंजीयन का मेगा कैम्प लगाया जावेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु छूटे हितग्राहियों द्वारा राशनकार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर के साथ सभी सदस्यों को उपस्थित होने कहा गया है। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर सर्वे के लिए विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु हितग्राहियों के घर-घर जाकर, आयुष्मान कार्ड के पंजीयन हेतु नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे कोई भी हितग्राही योजना से वंचित न हो सके।



# मोदी राज में महंगाई निरंकुश-रश्मि चंद्राकर

गरीब ही नहीं मध्यम वर्ग भी परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा के मोदी सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार के पास कीमतें बढ़ने के हर तर्क मौजूद हैं, मगर उन्हें रोकने का एक भी उपाय नहीं है। महंगाई ने गरीब आदमी तो क्या, मध्यवर्ग के आदमी तक का जीना मुहाल कर दिया है, मगर सरकार कुछ भी नहीं कर पा रही है। महंगाई डायन की तरह लोगों के पीछे पड़ कर उनका जीना मुश्किल कर रही है। कभी खाद्य सामग्री, कभी पेट्रोल तो कभी एलपीजी के दाम बढ़ रहे हैं। इससे सिर्फ गरीब ही नहीं मध्यवर्ग के लोग भी परेशान होने लगे हैं। एलपीजी गैस डीलरों के मुताबिकए मई 2020 में एलपीजी का जो घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 596 रुपये में मिलता था। अब बढ़कर 1119 रुपये का हो गया है। पिछले दो वर्षों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 523 रुपये बढ़ गए। इससे पिछले दो वर्षों में रसोई गैस सिलेंडर के दाम दोगुने बढ़ चुके हैं। मई से दिसंबर 2020 में एलपीजी के घरेलू सिलेंडर में कुल मिला कर 64 रुपये का इजाफा हुआ। जबकि वर्ष 2021 में अप्रैल माह में एकमुश्त 91 बढ़े। कुल मिला कर अप्रैल से लेकर अक्टूबर 2021 के बीच घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 306 की वृद्धि हुई। वृद्धि का यह दौर वर्ष 2022 में भी जारी है। वर्ष 2022 में मार्च माह में एक साथ पचास रुपये दाम बढ़े। मार्च से लेकर 6 जुलाई माह तक चार बार बढ़े दामों की वजह से एलपीजी रसोई गैस सिलेंडरों में 153 रुपये का इजाफा हो गया है। सरकार आम जनता को मारने पर तुली है। पहले कभी कभार सिलेंडर की कीमत में चंद रुपये का इजाफा होता था, मगर अब हर दूसरे माह सिलेंडरों की कीमत में भारी वृद्धि की जा रही है। सरकार को आम लोगों का भी ख्याल रखना चाहिए।



एक ओर महंगाई से जनता परेशान है वहीं दूसरी ओर केंद्र के मोदी सरकार के द्वारा इन दिनों खेती किसानी का कार्य लगे हुए हैं किसान विरोधी भाजपा सरकार जो छत्तीसगढ़ किसानों के लिए रासायनिक खाद नहीं भेज रही है जिसके कारण किसान यूरिया की दिक्कत से जूझ रहे हैं महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नी लाल साहू अपने आपको किसान बताते हैं और आज किसान डीएपी खाद की दिक्कत से जुझ रहे जिस पर सांसद चुप्पी साधे हुए बैठे हैं। उनकी चुप्पी ही भाजपा को किसान विरोधी चरित्र को दर्शाती है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसान फसलों का बीमा करा योजना का ले सकते लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2022 अंतर्गत किसान प्राकृतिक आपदाओं, कीटों के प्रकोप से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति अपनी फसलों का बीमा कराकर योजना के माध्यम से ले सकते है।**



बीमा आवरण में शामिल होने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2022 निर्धारित है। उप संचालक कृषि विभाग ने बताया कि कृषकों को खरीफ फसल हेतु बीमा आवरण में सम्मिलित होने के लिए केवल 8 दिवस ही शेष है। उन्होंने जिलें के समस्त किसानों से योजना का लाभ लेने हेतु अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले में खरीफ मौसम वर्ष 2022 में धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन फसलें अधिसूचित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलें के ऋणी एवं अऋणी किसान नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि व फसल बुवाई संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित पंजीकरण कराने हेतु अपने नजदीकी बैंक शाखा, सहकारी सोसायटी, लोक सेवा केंद्र, पोस्ट ऑफिस से संपर्क कर फसल का बीमा करावा सकते है। कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 2 प्रतिशत है तथा शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। ओलावृष्टि, भूस्खलन, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा, फसल कटाई उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर या कम वर्षा या विपरीत मौसम परिस्थितियों के कारण फसल न बोए जाने पर एवं फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज आंकड़े, निर्धारित थ्रेशहोल्ड उपज से कम आने पर दावा भुगतान किया जाएगा। साथ ही अनवारी के आंकड़े इस योजना अंतर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि यह योजना ऋणी किसानों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी एवं ऋणी किसान जो उक्त योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षर सहित घोषण पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 07 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा।

# नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरण के निराकरण के संबंध में कलेक्टर से की गई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

आगामी नेशनल लोक अदालत 13 अगस्त 2022 के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर ने जिला न्यायाधीश कक्ष में बेमेतरा कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र छवई सहित न्यायाधीशगण की बैठक ली। बैठक जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित कर न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों में मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों को निराकरण करने प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हाकित राजीनाम योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा योग्य प्रकरणों में अधिक अधिक से पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष जयदीप निमोणकर द्वारा राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों को लोक अदालत में निराकृत किये जाने हेतु कलेक्टर बेमेतरा से चर्चा की गई। राजस्व न्यायालयों में लंबित खातेदारों के मध्य आपसी बटवारे के मामलें, वारिसों के मध्य बटवारे के मामले, याददाश्त के आधार पर बटवारों के मामलें, कब्जे के आधार पर बटवारों के मामलें, सुखाधिकार से संबंधित मामलें, विक्रय पत्र, दान पत्र वसियतनामा के आधार पर नामांतरण के मामलें का निपटारा सरल तरीके से किया जा सकता है। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण किया जाना है। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसके संबंध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में चर्चा की गई।



# तुंहर विधायक, तुंहर द्वार अभियान का आगाज

## संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर ने बिरकोनी में लगाई चौपाल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए तुंहर विधायक तुंहर द्वार अभियान का आगाज हुआ। आज गुरूवार को ग्राम बिरकोनी में संसदीय सचिव चंद्राकर ने सघन जनसंपर्क किया।



बाद इसके चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। संसदीय सचिव चंद्राकर के ग्राम बिरकोनी पहुंचने पर सरपंच ताम्रध्वज निषाद सहित ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। बाद इसके संसदीय सचिव चंद्राकर ने गांव का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताते हुए मांग रखी। सतनाम पारा के भुरूराम कुर्रेए राजेश्वरए पुनेश्वर कुर्रे आदि ने पेयजल की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि मुहल्ले के पास में ही तीन एचपी का मोटर चलता है जिसे पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराई जाए।

साथ ही गली में सीसी रोडए प्राथमिक शाला में आहाता निर्माण, परसवानी रोड से होते हुए आंगनबाड़ी तक मार्ग निर्माण, सोलर लाइट लगाने व तालाब में पचरी निर्माण की मांग रखी। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाद इसके संसदीय सचिव चंद्राकर ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं का जिक्र करते हुए उनका लाभ उठाने का आव्हान किया।

अभियान में प्रमुख रूप से मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन बघेल, दाऊलाल चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, संजय शर्मा, जसबीर ढिल्लो, हार्दिक सोना, कुलेश्वर ठाकुर, चंदन चंद्राकर, ताम्रध्वज निषाद, गंगा राम तारक, आवेज खान, ममता चंद्राकर, विजय चंद्राकर, शत्रुघन यादव, माणिक साहू, दीनबंधु चंद्राकर, रामा यादव, बिहारी पटेल, डोमन साहू, दीपक साहू, केजुराम साहू, शिव पटेल, राजेश ढीढी, चूड़ामणि पटेल, रवि साहू आदि मौजूद रहे।

## जल गुणवत्ता पखवाड़ा में क्लोरीन युक्त शुद्ध पेयजल उपयोग के प्रति किया जा रहा जागरुक

### पोलमपल्ली में स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं ने निकाली जागरुकता रैली

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड कोंटा के ग्राम पंचायत-पोलमपल्ली में जल गुणवत्ता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, शिक्षक, मांझी एवं जल जीवन मिशन के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण समन्वयक अरुण सरकारए सूचना शिक्षा एवं संचार समन्वयक अजीत पोटाई, आईएस, समन्वयक सामदेव उसेंडी एवं आईएस टीम के सदस्य




उपस्थित रहे। जिसमें वर्षा ऋतु के दौरान पेयजल स्त्रोतों के प्रदूषण के करण जल जनित बीमारियों जैसे डायरिया, टाइफाइड एवं हैजा आदि से बचाव हेतु समस्त जल स्त्रोतो का क्लोरीनेशन कर शुद्धिकरण करने हेतु जन जागरुकता लाई जा रही है। ग्राम वासियों के घरों, शालाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में क्लोरीन युक्त शुद्ध पेयजल उपयोग तथा पेयजल के उचित भंडारण के प्रति व्यापक जन जागरूकता और जल बचाव एवं स्वस्थ रखने हेतु शपथ दिलाया गया। इस कायक्रम को सफ ल बनाने में गांव मे स्कूली बच्चों एवं महिलाओं द्वारा अपना योगदान दिया गया। उन्होंने रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।

## पिथौरा में कलेक्टर ने ली सरकारी काम काज की खबर

जोहार छत्तीसगढ़-पिथौरा।

महासमुंद जिले के कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर आज पिथौरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित आत्मानंद स्कुल, बिहान योजना से संचालित हो रहे स्व सहायता के आजिवका मिशन केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मातृत्व शिशु अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ अस्पताल के भवन का भी निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि महासमुंद कलेक्टर द्वारा अस्पताल का निरीक्षण कर कमियां को तत्काल पूरा करने स्वास्थ्य



अधिकारियों को निर्देशित किया। मातृ शिशु अस्पताल के शुरू होने के बाद से मरीजों को व क्षेत्र वासियों को 15 दिवस के भीतर जल्द ही मातृ शिशु अस्पताल में मरीजों को पूर्ण सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। महासमुंद कलेक्टर ने नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ नए गोठान बनाने के लिए खेल मैदान के पीछे की जमीन का भी निरीक्षण किया महासमुंद कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ एएस आलोख, पिथौरा एस डीएम राकेश कुमार गोलच्छा, तहसीलदार लीलाधर कवंर सहित जिले के तमाम अधिकारी कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### विप्र कॉलेज द्वारा सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत नेवनारा में योगाभ्यास का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा 8 जुलाई को प्रातः 9 बजे पूज्य ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानन्द महाराज प्रमुख, सपाद लक्षेश्वरधाम आश्रम सलधाद्ध के सानिध्य में एवं ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़, के मुख्य आतिथ्य में सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत चंडी आश्रम नेवनारा में स्वस्थ जीवन के लिए योग थीम पर योग अभ्यास का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता योगेश तिवारी करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने बताया कि जागरूकता के लिए योग अभ्यास में महाविद्यालय के छात्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक शामिल होंगे

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रचार रथ रवाना

जोहार छततीसगढ़-बेमेतरा।



प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2022 में अधिसूचित फसल धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन फसल हेतु अधिक से अधिक किसानों को बीमा योजना में शामिल कराने हेतु रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिसके तहत कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवागढ़ से बीमा रथ सहायक संचालक कृषि आर के शर्मा एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवागढ़ आर के चतुर्वेदी साथ ही विभागीय अधिकारियों की उपस्थित में विकासखंड नवागढ़ के प्रत्येक ग्राम में प्रचार.प्रसार हेतु रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### छिपली पंचायत के दो वार्ड पंच बर्खास्त

**नगरी** । ग्राम पंचायत छिपली विकासखंड नगरी के 2 वार्ड पंच वार्ड क्रमांक 14 के संतानू कोषरे एवं वार्ड क्रमांक 15 के टिकेश नवरंग को पंचायत राज अधिनियम के तहत अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय ने वार्ड पंच के पद से पृथक किया है एवं 6 साल के लिए किसी भी पंचायत से चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है । संतानू कोषरे एवं टिकेश नवरंग के ऊपर उपसरपंच पंचो एवं ग्राम वासियों ने चार पांच गंभीर आरोप लगाए थे तकनीकी सहायक सु रामवती फुल माली को हटाने उप सरपंच एवं पंचों का फर्जी हस्ताक्षर करना, ग्राम पंचायत छिपली के दो विधवा पंच एवं एक अन्य पंच से निर्माण कार्य स्वीकृत करवाने ?50000 लेना, किसी भी व्यक्ति को जान से मारने की धमकी व एसटी एससी एक्ट में फंसाने की धमकी और महिला पंचों के साथ गंदी गंदी शब्दों में गाली गलौज करने की शिकायत किए थे। शिकायत कलेक्टर धमतरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, अनुविभागीय दंडाधिकारी नगरी से किए थे जांच उपरांत शिकायत सही पाया गया इन्हीं के आधार पर इन दोनों पंचों को पद से पृथक कर 6 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है

### कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं आला अधिकारियों ने किया सुदूर वनांचल के ग्रामों का सघन दौरा

**बालोद** । कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने 06 और 07 जुलाई को अपने 02 दिवसीय दौरा कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव एवं वनमण्डलाधिकारी आयुष जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य आला अधिकारियों के साथ आज डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया। कलेक्टर एवं अधिकारियों ने जिले के अंतिम छोर में स्थित डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कुदारी दल्ली, तुमड़ीकसा, करियाटोला, बड़े जुंगेरा, केरी जुंगेरा, कोडेकसा, गोटीटोला और पीपरखार, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बिटाल, सल्हाईटोला आदि ग्रामों का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया।

## पंचायत सचिव स्थापना दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के बैठक 29 जून 22 में पारित निर्णय के अनुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 जुलाई को सचिव स्थापना दिवस जिला मुख्यालय में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरीश कवासी, अध्यक्ष, जिला पंचायत सुकमा उपस्थित रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में रामा सोढ़ी, जिला पंचायत सदस्य, माडे बारसे, जिला पंचायत सदस्य, आयती कलमू, अध्यक्ष ज पं सुकमा, डमरू नाग उपाध्यक्ष ज पं सुकमा, नाजीर खान उपाध्यक्ष ज पं छिंदगढ़, राजू साहू, अध्यक्ष नगर पालिका सुकमा, उपसंचालक, पंचायत टीएस पैकरा, परियोजना अधिकारी बीएस भगत, सहायक परियोजना अधिकारी बलवंत मार्को, नारद मांझी, सीईओ




सुकमा, कैलाश कश्यप सीईओ कोंटा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण का मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को सौंपा।

हरीश कवासी ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत सचिव, पंचायत राज व्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते हैं और ऐसे समर्थित भाव से कार्य करने वाले सचिवों का बहुप्रतीक्षित और एकसूत्रीय मांग शासकीयकरण जायज है और शासन स्तर पर प्रमुखता से ये मांग हमारे द्वारा भी रखा जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों को साल और श्रीफ ल भेंटकर अतिथियों द्वारा किया गया। सचिव संघ के अध्यक्ष गिरीश कश्यप ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया उसके पश्चात गोपाल सिंह अजमेरा ने त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत सचिवों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया और उन्हें होने वाले परेशानियों और चुनौतियों के बावजूद सचिव अपना पदीय दायित्व का निर्वहन कैसे करते हैं ये सभी जानकारी साझा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने भी सचिव दिवस पर अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान सभी पंचायत सचिवए रोजगार सहायक अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुकमा पुलिस ने बरामद किए 55 लोगों के मोबाईल

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।





सुकमा साइबर सेल प्रभारी संजय यादव एवं उनके टीम के बहतरीन कार्यप्रणाली के चलते 55 गुम हुए मोबाईल बरामद किए गये। सुकमा एसपी सुनील शर्मा एवं एएसपी किरण चव्हाण एएसपी ओम् चंदेल के द्वारा मोबाईल मालिकों को सौंपा गया मोबाईल। इस दौरान डीएसपी परमेश्वर तिलकवार, डीएसपी गिरिजाशंकर साव, डीएसपी रजत नाग, डीएसपी पारुल खंडेलवाल, डीएसपी उत्तम सिंह, डीएसपी अभिनय एक्का, डीएसपी अमित देवांगन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, निरमोद सोना, साइबर सेल के मीना गावड़े, दिवाकर, लिलाराम पटेल, महेश ध्रुव रहे मौजूद।

## नगर पंचायत सीतापुर ने की 5 दुकानों की नीलामी

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर नगर पंचायत द्वारा पूर्व में नीलाम की गई पांच दुकानों की राशि प्राप्त न होने के कारण उसको राजसात करते हुए आज सीतापुर में पुनः उन दूकानों की नीलामी का आयोजन किया गया था। आपको बता दें कि आज सीतापुर नगर पंचायत में, दुकानों की नीलामी का आयोजन किया गया था, जिसमें 3 दुकाने न्यू बस स्टैंड सीतापुर की और दो दुकाने आरईएस कॉलोनी की है, इस नीलामी में सीतापुर के काफी लोग एकत्रित हुए और बढ़ चढ़कर बोली लगाई, आपको बता दें कि 5 दुकानों की नीलामी में नगर पंचायत को 54 लाख 13 हजार रुपए प्राप्त हुए, दुकान की नीलामी के लिए सीतापुर तहसीलदार शशिकांत दुबे, नगर पंचायत सीएमओ सुशील तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजुर, और सीतापुर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ।

## पंजाब के अकाल यूनिवर्सिटी की रिर्सच टीम अचानक पहुंची नानक सागर

### प्रमाण मिला गुरूनानक देव जी पहुंचे थे यहां

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले के प्रसिद्ध हो चुके नानक सागर में श्री गुरुनानक देव जी के आगमन की खबरों के प्रकाशन के बाद सोमवार को पंजाब के तलवंडी साहिब स्थित अकाल यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर रिसर्च टीम के साथ नानक सागर पहुंचे। अपने रिसर्च के पहले चरण में ही उन्होंने श्री गुरुनानक देव जी के यहां आगमन के प्रमाण मिलने की बात कही है। सोमवार को नानक सागर में अचानक तलवंडी साहिब की अकाल यूनिवरसिटी के सहायक प्राध्यापक गुरनाम सिंह पहुचे। उन्होंने नानक सागर से लगे गढफुलझर स्थित गुरुद्वारा देखने के बाद अपने सहयोगी गुरविंदर सिंह दिल्ली वाले, जसपाल सिंह खैरा एवं सतबीर सिंह के साथ गुरु के नाम की जमीन देख कर समीप के ग्राम जेवरा में एक मात्र शिक्ख परिवार के गुरुद्वारा पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों एवम गढ़फु लझर गुरुद्वारा कमेटी वालो से चर्चा कर कोई 100 साल पुराना मिसल रिकॉर्ड का अवलोकन किया। इन सब के अवलोकन के बाद प्रथम दृष्टि में श्री गुरुनानक देव जी के यहां रुकने की पुश्टि हुई है।

### उदासी यात्राओं में छः ग का उल्लेख नहीं

गुरनाम सिंह ने इस प्रतिनिधि द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया कि श्री गुरुनानक देव जी की पहली उदासी यात्रा में अमरकंटक से पूरी जाने का उल्लेख गन्थों में दर्ज है परन्तु छत्तीसगढ़ में रुकने का उल्लेख नहीं है। ओडिसा के कटक, पूरी एवं भद्रक तक रुकने की जानकारी दी जाती है। इस बीच किस रास्ते से गुरु जी की यात्रा हुई थी इसका उल्लेख कही नहीं है। इस पर लगातार रिसर्च भी किये जा रहे हैं। वे स्वयं इस रिसर्च हेतु कालाहाण्डी ओडिसा जा रहे थे। इसके लिए वे हरिशंकर रोड पहुंचे थे। वहां की सिक्ख संगत ने उन्हें बताया कि गढ़फुलझर में भी गुरु साहेब रुके थे। उनसे थोड़ी जानकारी मिलते ही उन्होंने कालाहांडी जाने की बजाय छत्तीसगढ़ का रुख कर सीधे बसना पहुंचे और बसना से गढ़फु लझर पहुच गया। गढ़फु लझर गुरुद्वारा में में इनकी मुलाकात स्थानीय निवासी जसपाल सिंह से हुई। जसपाल सिंह ने इन्हें नानक सागर एवं जेवरा ले जाकर वहां के अत्यधिक वृद्धों से मिलकर बातचीत की। इस बातचीत में उन्हें ग्रामीणों ने कोई 100 साल पुराना मिसल रिकॉर्ड भी दिखा दिया जिसमें कोई 5 एकड़ कृषि भूमि श्री गुरुनानक देव जी के नाम है। इस रिकॉर्ड की सच्चाई परखने के बाद गुरु के यहां रुकने की बात निश्चित हो गयी।

### जेवरा में बंजारा समाज बना रहा गुरु का मंदिर

इधर गुरनाम सिंह ने जेवरा जाकर वहां भी एक ही सिक्ख परिवार द्वारा बनाये गए गुरुद्वारा के साथ बंजारा समाज द्वारा श्री गुरुनानक देव जी के बन रहे विशाल मंदिर को भी देखा। इन सबके अवलोकन से पता चला कि छ ग में गुरुनानक देव जी के मानने वालो में बंजारा समाज भी सिक्खो के बराबर चल रहा है।

### गुरु की निशानियों को आधुनिक बनाने से बचना चाहिए

तलवंडी पंजाब से आये प्रोफेसर गुरनाम सिंह ने वर्तमान में गुरु घर गुरुद्वारा बनवाने वालो से गुरु के बैठने के चबूतरे का आधुनिकी करण नहीं किये जाने की बात कहते हुए उसी चबूतरे को बतौर निशानी रखने की बात कही। उन्होंने यहां काम कर रहे सिक्खों से अपील की है कि गुरु की किसी भी निशानी का आधुनिकीकरण नही किया जाना चाहिए बल्कि उनके संरक्षण की आवश्यकता है।

*पंजाब से रिसर्च में आये गुरनाम सिंह ने रायपुर निवासी रिंकू ओबेरॉय द्वारा नानक सागर में गुरु के चरण पड़ने के मामले में गहन रिसर्च कर अनेक प्रमाण जुटाए है। इसके लिए हमे रिंकू ओबेरॉय की मुक्त कंठ से प्रसंशा की जानी चाहिए।*

# अपने कार्यों को सुधारें, योजनाओं की जानकारी रखे, अगली बैठक में मौका नहीं दूंगा- तारन प्रकाश सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने आज जनपद पंचायत अकलतरा में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी रखे। इससे आपकी गंभीरता झलकती है कि आप अपने विभागीय कार्यों के प्रति कितने गम्भीर है। यह पहली बैठक है, इसलिए कार्यवाही नहीं कर रहा हूँ, समझाइश दे रहा हूँ। अगली बार समीक्षा करूँगा तो कोई मौका नहीं दूंगा। सीधे कार्यवाही करूँगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन का अंग बताते हुए कहा कि आपसी समन्वय के साथ शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने राज्य शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए इसके क्रियान्वयन में प्राथमिकता के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, राजीव गाँधी कृषि मजदूर भूमिहीन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब के गठन की जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद बीज वितरण और भण्डारण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि खाद की काला बाजारी रोकने छापामार कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में कुपोषण दूर करना उनकी प्राथमिकता में है। बच्चों से कुपोषण दूर करने के लिए सिर्फ खाना खिला देना ही पर्याप्त नहीं है, उन्हें गुड़, चना, मूंगफल्ली सहित पूरक पोषण आहार भी प्रदान किया जाए। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग और बीएमओ को निर्देशित किया कि कुपोषण के

**कलेक्टर ने योजनाओं की जानकारी नहीं होने पर जताई नाराजगी**

शिकार बच्चों और गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जाँच करने विशेष अभियान चलाए। दोनों का स्वास्थ्य कार्ड बनाकर हर 15 दिन में जांच करें। कलेक्टर ने मितानीन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गृहभेंट करने के निर्देश भी दिए।

### संस्थागत प्रसव को बढ़ाएं और स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाएं

कलेक्टर सिन्हा ने विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे ब्लॉक अंतर्गत सभी स्वास्थ्य क्रेंद्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाए। अस्पताल में चिकित्सकों सहित सभी स्टाफ समय पर पहुंचे। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा जीवनदीप समिति के माध्यम से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का वितरण संबंधित हितग्राहियों को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाट बाजार क्लीनिक और शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहनों को नियमित रूप से गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना वैक्सीनेशन अंतर्गत बूस्टर व प्री-कॉशन डोज के लिए भी अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, जेनेरिक दवा वितरण की भी समीक्षा की।

### स्कूलों को दी गई राशि का सदुपयोग हो, मैं जांच करूंगा

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में बीईओ को निर्देशित किया कि स्कूलों को शासन द्वारा विभिन्न मद से आवश्यक कार्यों के लिए राशि प्रदान की जाती है। उक्त राशि से स्कूलों में हुए कार्यों या क्रय का अवलोकन करें। राशि का सदुपयोग होना जरूरी है।

## एक नजर

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू 11 जुलाई को जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही ।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू (केबिनेट मंत्री दर्जा) 11 जुलाई सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में दोपहर 2 बजे सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष श्री आर एन वर्मा (राज्य मंत्री दर्जा) एवं सदस्य श्री महेश चंद्रवंशी भी उपस्थिति रहेंगे।बैठक में शासन के समस्त विभागों द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के हित में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी के बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति होने कहा गया है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में ईद-उल-जुहा पर्व सौहाद्रपूर्ण माहौल में मानने का निर्णय



**बिलासपुर ।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक एडीएम ए.आर. कुरूवंशी की अध्यक्षता में आज यहां मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 10 जुलाई को ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व सौहाद्रपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पुलिस, नगर निगम, सिम्स अस्पताल एवं बिजली विभाग को जिम्मेदारी सौंपते हुए सजग रहने के निर्देश दिये गये। एडीएम ने शहर की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप सदभावनापूर्वक पर्व मनाने की अपील की। शांति समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। बैठक में एडीशनल एसपी उमेश कश्यप, एसडीएम तुलाराम भारद्वाज, सिटी मजिस्ट्रेट एस.एस.दुबे, शांति समिति के सदस्य नगर निगम सभापति शेख नजरूद्दीन, श्री हबीब मेमन सहित अन्य सदस्य एवं विभिन्न समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जल गुणवत्ता पखवाड़ा में क्लोरीन युक्त शुद्ध पेयजल उपयोग के प्रति किया जा रहा जागरुक

**सुकमा ।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड कोंटा के ग्राम पंचायत-पोलमपल्ली में जल गुणवत्ता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूह , ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, शिक्षक ,मांझी एवं जल जीवन मिशन के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण समन्वयक अरुण सरकार, सूचना शिक्षा एवं संचार समन्वयक अजीत पोटाई, आई.एस.ए.समन्वयक सामदेव उसेंडी एवं आई.एस.ए टीम के सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें वर्षा ऋतु के दौरान पेयजल स्त्रोतों के प्रदूषण के करण जल जनित बीमारियों जैसे डायरिया, टाइफाइड एवं हैजा आदि से बचाव हेतु समस्त जल स्त्रोतो का क्लोरीनेशन कर शुद्धिकरण करने हेतु जन जागरुकता लाई जा रही है।

# दिव्यांग महिला गुलाबिया बाई भारिया को कलेक्टर ने दिलाई ट्रायसायकल



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के संज्ञान में आने पर जनपद पंचायत मरवाही स्कूल पारा निवासी शत प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग महिला गुलाबिया बाई भारिया को दिव्यांगजन सहायक उपकरण योजना के तहत ट्रायसायकल प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को महिला के घर जाकर ट्रायसायकल प्रदान किया गया। इसके साथ ही दिव्यांग महिला को प्रति माह 500 रुपए पेंशन भी समाज कल्याण विभाग द्वारा दिया जा रहा है। ट्रायसायकल प्राप्त होने पर महिला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब ट्रायसायकल मिलने से उन्हे कहीं भी आने जाने में असुविधा नहीं होगी। इसके लिए उन्होंने प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# बस्तर गोंचा में भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग का किया गया अर्पण

## 09 बटुकों का निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार हुआ

**जगदलपुर।** बस्तर गोंचा महापर्व के तिथि अनुसार छंठवे दिन श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 360 घर ब्राह्मण समाज के द्वारा 09 बटुकों जिसमें देवेश पिता जगन्नाथ पानीग्राही, सुमित पिता मोहन पानीग्राही, युवराज पिता मेघनाथ जोशी, राजेंद्र पिता सुरेश जोशी, भोलेंद्र पिता सुरेश जोशी, मोहित पिता स्वर्गीय बसंत पानी ग्रही हर्षित पिता कुलदीप पानीग्राही, मोहन पिता स्व. बसंत पानीग्राही, हर्षित पिता कुलदीप पानीग्राही, मोहित पिता केशव पाढ़ी, मितेश पिता गोपाल पांडे का निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न किया गया। वहीं गुंडिचा मंदिर-सिरहासार भवन में देर शाम को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद स्वामी को छप्पन भोग का अर्पण किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पंहुचे श्रद्धालुओं को छप्पन भोग के



प्रसाद का वितरण किया गया।

360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर नाथ खम्बारी ने बताया कि श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में आज 09 बटुकों का निःशुल्क सामुहिक उपनयन संस्कार संपन्न किया गया। बटुकों को दीक्षा उपरांत समाज के वरिष्ठजनों द्वारा को आशीर्वाद दिया, इसके अलावा एक विवाह भी संपन्न किया गया। समाज के द्वारा निःशुल्क सामुहिक उपनयन संस्कार का आयोजन रामनवमी को भी आयोतिज किया जाता है। वहीं आज बस्तर गोंचा महापर्व में परंपरानुसार पूजा-अर्चना के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी को छप्पन भोग का अर्पण गया। छप्पन भोग में दाल, चावल, दही, चटनी, खीर, सब्जी, फल, पूड़ी, चंद्रकला, रबड़ी, रसगुल्ला, शूली, कढ़ी, मटरी, बड़ा, बाटी, सिखरिणी (सिखरन), मुरब्बा, कोणिका, खजरा, अवलेह (शरबत), शक्कर पारा, घेवर, चिल्ला, मालपुआ, पारिखा, सौंफलघा, जलेबी, मेसूब, पापड़, सीरा, मोहनथाल, लौंगपूरी, खुरमा, लड्डू, मीठा दूध, मलाई, मक्खन, इलायची, पान आदि के साथ बड़ी मात्रा में पकवान शामिल किया जाता है।



# पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को प्रोत्साहित करने तैयार करें कार्ययोजना-मुख्यमंत्री

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गांवों के गौठानों में पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौठानों में उत्पादित दूध की गांवों में खपत करने और पशुओं के चारे की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।**



उन्होंने कहा कि जिस तरह राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसान लाभान्वित हो रहे हैं, इसी तरह गौठानों में संचालित डेयरी से उत्पादित दूध की गांवों में खपत और पशुओं के चारे की व्यवस्था होने से पशुपालक लाभान्वित होंगे और पशुपालन के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि गांवों के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से बच्चों को उबालकर दूध उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इससे पशुपालकों को दूध का वाजिब मूल्य मिलेगा। ग्रामीण दूधारु पशुपालन के लिए प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण और राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत हितग्राहियों को अनुदान राशि वितरण के लिए आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ये निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचने वाले पशुपालकों, ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 10 करोड़ 84 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की। इस राशि में से 15 जून से 30 जून तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में 3.69 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। गौठान समितियों को 4.31 करोड़ और महिला समूहों को 2.84 करोड़ रूपए की लाभांश राशि का भुगतान किया। इसी तरह उन्होंने राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत 25 हितग्राहियों को 13.63 लाख रूपए की अनुदान राशि का भुगतान हितग्राहियों के खाते में किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रायगढ़ के बनसियां गौठान में पशुपालन कर रहे हितग्रहियों से चर्चा कर उनसे राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई अनुदान राशि, दूध का गांवों में मिल रहे रेट की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अलग-अलग गांवों में दूध का अलग-अलग रेट हितग्राहियों को मिल रहा है। आंगनबाड़ी और स्कूलों में दूध वितरण की व्यवस्था से दूध के रेट में एकरूपता आएगी। उन्होंने कहा कि गौठानों में डेयरी व्यवसाय कर रहे हितग्राहियों को छह माह बाद एक अतिरिक्त गाय अन्य योजना से दी जाएगी। इस अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम बनसिया से जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर रानू साहू, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### डोलनारायण ने मुख्यमंत्री को बताया, योजना से मिली गाय, दूध बेच कर रहे कमाई

आज अनुदान राशि अंतरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हितग्राहियों से चर्चा कर रहे थे। रायगढ़ जिले के बनसिया ग्राम से भी डेयरी उद्यमिता के लाभार्थी कार्यक्रम में जुड़े। इनमें से एक हितग्राही डोलनारायण सारथी ने अपने अनुभव मुख्यमंत्री बघेल से साझा करते हुए कहा कि उन्हें दो जर्सी गाय मिली हैं। जिनसे 18 से 20 लीटर दूध मिल रहा है।



# जिला चिकित्सालय बालोद में आईसीयु प्रारंभ

**बालोद ।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कल जिला चिकित्सालय बालोद में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेकर जिला चिकित्सालय में सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वे प्रतिदिन प्रातः एवं सांयकाल ओपीडी में उपस्थित रहें। अस्पताल पहुॅचने वाले सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस.एस.देवदास ने बताया कि विगत दिनों कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान आईसीयू कक्ष बंद पाए जाने पर उसे शुरू करने के निर्देश दिए थे।

# कलेक्टर चंदन कुमार ने किया महारानी वार्ड का औचक निरीक्षण

## नाली और कचरा सफ़ाई कार्य में लापरवाही के लिए नाराज़गी ज़ाहिर कर व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश




**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार गुरुवार की सुबह शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्र महारानी वार्ड का औचक निरीक्षण कर नाली और कचरा सफ़ाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। सफ़ाई व्यवस्था में लापरवाही के लिए निगम के सफ़ाई टीम के अधिकारी-कर्मचारी को व्यवस्था में आवश्यक सुधार कर नियमित नालीयों की सफ़ाई करवाने के निर्देश दिए साथ ही कचरा का उठाव समय पर करने कहा। आयुक्त नगर निगम को सफ़ाई कार्यों के लिए मानव संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होने शहर में बढ़ते डेंगू के मामलों के देखते हुए सभी वार्डों में घर-घर सर्वे और जागरूकता अभियान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को फ़ॉगिंग मशीन के माध्यम से दवाई का छिड़काव करने तथा कीचड़ नुमा स्थानों में चुना का छिड़काव करवाने कहा। निरीक्षण के दौरान रहवासियों से जल भराव, सफ़ाई व्यवस्था व कचरा उठाव के सम्बंध में चर्चा भी किए। कचरा उठाने वाले गाड़ी के चालक से नियमित रूप से वार्ड में कचरा उठाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होने चंद्रशेखरवार्ड का भी निरीक्षण किया और डेंगू से प्रभावित मरीज़ के परिजनों से मुलाक़ात कर मरीज़ की तबियत की जानकारी ली । परिजन ने बताया कि उनकी दुकान गोल बाज़ार में है जहां पर सम्भावित मच्छर हो सकता है वहाँ पर दवाई का छिड़काव और सफ़ाई की आवश्यकता है।इस पर कलेक्टर ने तुरंत निगम आयुक्त को गोलबाज़ार में दवाई छिड़काव करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में आयुक्त नगर निगम दिनेश नाग, सीएमएचओ डॉक्टर आरके चतुर्वेदी, डॉक्टर बस्तिया, मलेरिया नियंत्रण अधिकारी सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# छत्तीसगढ़ बजरंग सेना के कार्यकर्ता को पाकिस्तान के नंबर से मिली धमकी

## एसपी ने सुरक्षा दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**जांजगीर चांपा । जिले के एक युवक को पाकिस्तानी नंबर से वाट्स एप काल पर धमकी मिली है। उसने इसकी शिकायत एसपी से की और थाने जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है।**



जानकारी के अनुसार जांजगीर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 निवासी सूर्य प्रकाश शर्मा(38) ने जांजगीर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पाकिस्तानी नंबर से उसे वाट्स एप काल पर धमकी मिली है। रिपोर्ट में उसने बताया कि वह बजरंग दल का प्रदेश प्रभारी है इसके द्वारा अक्सर हिंदूवादी पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर किया जाता है। इसी मामले को लेकर पाकिस्तानी नंबर से किसी व्यक्ति ने उसे वाट्सएप काल किया और बीती रात लगभग 9:30 बजे वाट्सएप पर काल किया था और अनर्गल बातें करने के बाद हिंदूवादी पोस्ट करने को लेकर उसे धमकाने लगा। उसे धमकी दी गई कि तुम हिंदुत्व के इतने हितैषी हो गए हो कि इस्लाम के खिलाफ लिखना शुरु कर दिए हो। बजरंग सेना के कार्यकर्ता सूर्य प्रकाश शर्मा उर्फ बाबा जोकि बाबा शर्मा नाम से फेसबुक अकाउंट चलाता है उस पर अक्सर हिंदुओं के पक्ष में पोस्ट करता है जिस पर कई नकारात्मक टिप्पणियां भी अक्सर आती रही हैं । मगर इस बार उसे सीधे पाकिस्तानी नंबर से धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद उसने एसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात की और सुरक्षा की मांग की। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।धमकी मिलने की खबर के बाद से शहर में सनसनी है।धमकी भरा काल आने की शिकायत मिली है। इस पर अपराध दर्ज किया गया है और पीड़ित के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश थाना प्रभारी को दिया गया है। नंबर की जांच की जा रही है।

# पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका तीन दिनी हड़ताल पर

## कहा बंधुआ मजदूरी नहीं करेंगे, लाठीतंत्र के खिलाफ लड़ेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका यूनियन सीटू तथा जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका कल्याण संघ के संयुक्त आह्वान पर आज से प्रदेश के एक लाख से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं तीन दिन की हड़ताल पर चली गई। प्रदेश के सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन के जरिये उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार की निजीकरण को बढ़ावा देने वाली कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों के खिलाफ अपना विरोध व्यक्त किया तथा कलेक्टर दर पर मजदूरी देने, सेवा निवृत्ति पर एकमुश्त कार्यकर्ताओं को पांच लाख तथा सहायिका को तीन लाख रुपये देने, पदोन्नति के जरिये कार्यकर्ताओं के सभी पद सहायिकाओं से तथा सुपरवाइजरों के सभी पद कार्यकर्ताओं से भरने, बाल विकास के अलावा अन्य



कार्य करवाने पर रोक लगाने की मांग की। सीटू और जुझारू आंगनबाड़ी संघ ने इस आंदोलन को कुचलने की सरकार की कोशिशों की तीखी निंदा की है तथा कहा है कि भूपेश सरकार के लाठीतंत्र के खिलाफ अपने शांतिपूर्ण आंदोलन को वे और तेज करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका यूनियन सीटू के प्रांतीय अध्यक्ष गजेंद्र झा ने मीडिया से कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार न तो समस्याओं को हल कर रही है और न ही शांतिपूर्ण आंदोलन की इजाजत दे रही है। यह लाठीतंत्र है और प्रजातंत्र का गला घोटना है। आज कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को रायपुर में आने से रोका गया, जिलों में उन्हें डराया-धमकाया गया। इसके बावजूद हजारों की संख्या में उनके हड़ताल में भाग लेने से स्पष्ट है कि



अब वे बंधुआ मजदूरी करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हड़ताल में भाग लेने वालों की संख्या कल और बढ़ जाएगी। रायपुर में आज दस हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने धरना दिया, जिन्हें सीटू से संबद्ध आंगनबाड़ी फेडरेशन की राष्ट्रीय सचिव शकुंतला ने संबोधित किया। वे हरियाणा से आई थी। उन्होंने बताया कि किस तरह हरियाणा और दूसरे राज्यों में आंगनबाड़ी की बहनें मोदी सरकार की निजीकरण की नीतियों के खिलाफ लड़ रही है और अपने मानदेय को बढ़वाने में भी कामयाब हुई है। उनका संघर्ष इस देश के करोड़ों कुपोषित माताओं और बच्चों की जिंदगी बचाने का भी संघर्ष है। उन्होंने कहा कि ये बहनें सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर तबकों से जुड़ी है, जिनसे सरकार इस योजना के अलावा भी सभी कार्य करवाती है, लेकिन वह उन्हें न्यूनतम मजदूरी भी देने के लिए तैयार नहीं है। हमारी यूनियन की लड़ाई इस बंधुआ गुलामी के खिलाफ है। सीटू के राज्य महासचिव एम के नंदी भी आज आंदोलनकारी महिलाओं के बीच पहुंचे और उनकी मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में जो वादा किया था, उसे ही पूरा करने की मांग आज आंगनबाड़ी की बहनें कर रही है। यह दुर्भाग्य की बात है कि इन मांगों को पूरा करने के बजाय आज वह आंदोलन को कुचलने के रास्ते पर चल रही है, जिसे इस प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण आंदोलन करना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है और जो सरकार इस अधिकार को मानने के लिए तैयार नहीं है, उसे सत्ता में भी बने रहने का हक नहीं है। कल भी पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की हड़ताल जारी रहेगी।

# डेंगू एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू के दिशा-निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में नगरीय निकाय के सदस्यों का डेंगू एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सफाई दरोगा को एक दिवसीय प्रशिक्षण डेंगू लार्वा की गतिविधि सुदृढ़ीकरण करने व उनकी जिम्मेदारी के बारें में अवगत



कराकर पुन: उनके क्षमता और कौशलवृद्धि किया गया। जिसमें लार्वा की पहचान, निष्पादन करना, लार्वी स्लाइड डालना, मच्छर जनित परिस्थितियों का विनाश करने पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिये अवगत कराया गया। सीपीएम डॉ.राकेश वर्मा, शेख निषाद मलेरिया कंसलटेंट ने बताया कि जिन क्षेत्रों पर विगत 5 वर्षो में डेंगू के मरीज पाये गये उन क्षेत्रों में प्रमुख रूप से लार्वा सर्वे करने तथा बुखार के रोगियों को खोजकर उनका डेंगू परीक्षण कराना व बगैर चिकित्सक सलाह से कोई भी व्यक्ति दवा न लें इसके बारें में बताया गया।

# वेस्ट टू वेल्थ : स्वच्छता दीदियों ने कचरे से कमाएं साढ़े बीस लाख

## घरों से मिलने वाले सूखा कचरे से कमाए स्वच्छता दीदियों ने अतिरिक्त आय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने से नगर निगम के तहत कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी अतिरिक्त आय कमा रही हैं। निगम क्षेत्र अंतर्गत 48 वार्ड से मिले सूखे कचरे से स्वच्छता दीदियों को 20 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई है। निगम के अंतर्गत कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी अब वेस्ट से वेल्थ की ओर बढ़ रही हैं। इसी का नतीजा है कि घरों से प्राप्त होने वाले सूखे



कचरे जिसमें कागज, पुट्ठा, सीसी-बोतल, प्लास्टिक के टूटे-फूटे सामान के साथ लोहा टीना के डिब्बे को बेचकर अब तक में 20 लाख 577 रुपए की अतिरिक्त आमदनी कमाई की गई। निगम के अंतर्गत 145 स्वच्छता रिक्शा संचालित है। इसमें 316 स्वच्छता दीदी वर्तमान में कार्यरत हैं, जो शहर के 48 वार्डों से घर-घर कचरा लेकर निगम के अंतर्गत 10 एसएलआरएम सेंटर में छटनी करती हैं।

# बस्तरिया कला, संस्कृति के संरक्षण का केंद्र बादल एकेडमी बनेगा पर्यटन हब



**जगदलपुर।** बस्तरिया कला, संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए आसना में स्थापित बादल एकेडमी पर्यटन हब बनेगा। बस्तर एकेडमी ऑफ डान्स आर्ट एंड लिटरेचर बादल में चंदन कुमार कलेक्टर की अध्यक्षता एवं रोहित व्यास मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत तथा समस्त समाज प्रमुख और बादल स्टाफ की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक के आरंभ में पारंम्परिक विधि से समाज प्रमुखों एवं बादल स्टाफ द्वारा कलेक्टर का स्वागत किया गया। बदल की सहायक प्रभारी पूर्णिमा सरोज द्वारा बादल के उद्धेश्यों एवं समाज प्रमुखों की बादल में भूमिका की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा जनजातीय समाज में शादी के प्रकारों का अभिलेखीकरण किया जाना है। उन्होने कहा बादल को एकेडमी के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। बस्तर दशहरा की रस्मों का फिल्मांकन एवं दशहरा में उपयोग किए गए रथ को बादल में रखकर प्रदर्शन करने की बात कही ।

# सामूहिक जागरूकता ही बचाएगी डेंगू के डंक से

## शहर के समस्त 48 वार्डों में लार्वा नष्ट करने को चलाया जा रहा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-जगदलपुर।

कोविड संक्रमण काल में मच्छर जनित रोगों से जागरूक होकर ही लड़ा जा सकता है। आसपास सफ ाई के साथ-साथ पानी एकत्रित नहीं होने पाए इसका सभी को विशेष ध्यान रखना होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम द्वारा कोरोना वायरस के साथ-साथ डेंगू के प्रसार को भी रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने बताया कि सामुहिक जागरूकता ही डेंगू के डंक से बचा जा सकता है, डेंगू एडीज एजिप्टी रोग वाहक मच्छर द्वारा फैलता है। इस रोग का प्रसार अधिकतर जुलाई से नवंबर माह के मध्य होता है। यह मच्छर घर के अंदर और उसके आसपास के स्थानों पर रहता है, वहीं पर पलता है और केवल दिन के समय में ही काटता है। यह एक प्रभावित व्यक्ति से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में तेजी से प्रसार करता है। डेंगू बुखार की रोकथाम एवं निवारण में जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका है। डेंगू में रोगी के शरीर पर बुखार के साथ साथ लाल दाने निकल आते हैं। दो से सात दिनों की अवधि के तीव्र ज्वर के साथ सिरदर्दए आंखों के पीछे दर्द, बदन दर्द, शरीर पर महीन दाने एवं खराश होने पर रोगी संदेहात्मक श्रेणी में होता है। प्रारंभिक लक्षण तथा परीक्षण जांच के आधार पर डेंगू के संभावित रोगियों की पहचान की जाती है। डॉ. चतुर्वेदी ने आगे बताया श्वर्तमान समय में रुक-रुक कर हो रही बारिश भी डेंगू के लार्वा को पनपने के लिए एक अनुकूल मौसम प्रदान कर रही है। जिले में नगर निगमए मलेरिया विभाग, कर्मचारी स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, युवोदय के स्वयंसेवक द्वारा मच्छर के अंडे, लार्वा को नष्ट करने के लिए शहर के समस्त 48 वार्डो में लार्वा नष्ट करने को व्यापक रूप से अभियान चलाया जा रहा है। क्योंकि रुक रुक कर होने वाली वर्षा में लार्वा को पनपने के लिए स्वच्छ पानी मिल जाता है और वह तेजी से विकसित हो जाते हैं। वर्तमान में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नगर निगम के वार्ड स्तर के कर्मचारी डेंगू रेस्पॉन्स टीम के रूप में मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु लोगों के घर-घर जाकर सर्वे करते हुए जागरूक कर रहे हैं। डेंगू नियंत्रण के लिए उन्होंने शहरवासियों को अपील करते हुए कहा नियमित रूप से घरों की छत और घर में रखे गमले की ट्रे, कूलर, पानी की टंकी को खाली कर सुखाने के पश्चात उपयोग करें। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए घर और आसपास पुराने टायरए मटके, कबाड़ आदि में बरसात का पानी एकत्रित ना होने दें इससे मच्छरों के प्रजनन को कम किया जा सकता है। पानी के फैलाव को रोकने के लिए नियमित रूप से साफ सफ ई और दवाई का छिड़काव करते रहें। साथ ही नालियों की साफ सफाई और घर के आस.पास पानी के टैंकों की नियमित रूप से साफ सफाई रखें।

### डेंगू बीमारी के लक्षण

तेज बुखारए उल्टी आना, शरीर पर लाल चकते पड़ना है। बुखार को कन्ट्रोल करने के लिए चिकित्सीय परामर्श लें। हर बुखार डेंगू का नहीं होता है, डेंगू के लक्षण होने पर समय से डॉक्टर की सलाह लें और डॉक्टर की सलाह पर ही दवा का सेवन करें।

## एक नजर

### भूपेश जी छत्तीसगढ़ महतारी का सिर और कितना झुकाओगे-विकास केडिया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ के पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में अधेड़ महिला के साथ हुए बर्बरतापूर्ण रेप और दिल दहला देने वाले हत्याकांड की घटना को भूपेश बघेल सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति उदासीनता पूर्ण व्यवहार को जिम्मेदार ठहराते हुए पूर्व भाजयुमों जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास केडिया ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पूछा है कि भूपेश जी, छत्तीसगढ़ महतारी का सिर और कितना



झुकाओगे। जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा नेता विकास केडिया ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है तब से पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रही हिंसा, छेड़खानी और बलात्कार की घटनाओं में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 12 बलात्कार की घटनाएं हो रही है जो कि यह बताने के लिए काफी है कि मौजूदा भूपेश सरकार बढ़ते महिला अपराधों और उनकी सुरक्षा को लेकर कितनी असंवेदनशील हो गई हैं जो कि सीधे तौर पर राज्य की नारी संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी का सीधा अपमान करने जैसा है जिसके लिए राज्य की जनता इन्हें कभी मांफ नहीं करेगी। आगे केडिया ने कहा कि दो दिन पहले अकलतरा में घटित रेप और हत्या की खौफनाक वारदात प्रदेश की अकेली घटना नहीं है। पूरे प्रदेश में आए दिन छेड़खानी, बलात्कार, डकैती, हत्या और चाकूबाजी जैसी घटनाएं हो रही है जिसे रोकने में भूपेश सरकार पूरी से नाकाम रही है ऐसे में मौजूदा सरकार नैतिक रूप से सत्ता पे बनें रहने का हक खो चुकी हैं।

### जिले में 231.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 7 जुलाई तक 231.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 303.9 मिली मीटर, पुसौर में 341, खरसिया में 259.5, सारंगढ़ में 294.1, बरमकेला में 202.1, घरघोड़ा में 168.5, तमनार में 239.2, लैलूंगा में 218.6, धरमजयगढ़ में 159.4, सरिया 164.5 एवं छाल तहसील में 196.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### चक्रधरनगर मानवयुक्त समपार फाटक 10 जुलाई की रात से 11 जुलाई सुबह 8 बजे तक बंद रहेगा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक मण्डल अभियंता द.पू.म.रेलवे रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ व कोतरलिया के बीच स्थित चक्रधरनगर मानवयुक्त समपार फाटक क्रमांक-287, कि.मी.584/05-07 अप रेल लाईन में आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु 10 जुलाई को रात 10 बजे से 11 जुलाई को प्रात: 8 बजे तक सड़क यातायात बंद रहेगा।

### सोच को ऊंची करके हम हिमालय से भी ऊंचे उठ सकते हैं -ललित प्रभ

**दुर्ग ।** राष्ट्र-संत ललितप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि नकारात्मक सोच तोड़ती है, सकारात्मक सोच जोड़ती है। साधारण किस्म के लोग गिलास आधा खाली देखते हैं, समझदार लोग गिलास आधा भरा देखते हैं। ऊँचाई छूने वाले लोग गिलास पूरा भरा देखते हैं।ताड़ासन करके भी हम अपनी हाईट 2 इंच से ज्यादा नहीं बढ़ा सकते, पर सोच को ऊँची उठाकर एवरेस्ट से भी ज्यादा ऊँचे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर के घर से हम में से हर इंसान को एक बहुत बड़ी ताकत मिली है, वह है - सोचने-समझने की क्षमता। अपनी इस एक क्षमता के बलबूते इंसान संसार के समस्त प्राणियों में सबसे ऊपर है। हम सोच सकते हैं इसीलिए हम इंसान हैं।

यदि हमारे जीवन से सोचने की क्षमता को अलग कर दिया जाए तो हमारी औकात किसी चैपाये जानवर से अधिक न होगी। संतप्रवर जैन संघ द्वारा बाजार के जैन मंदिर उपाश्रय में आयोजित प्रवचन माला के दौरान श्रद्धालुओं को जीने की कला सिखाते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपकी सोच आपके विचारों को, विचार वाणी को, वाणी व्यवहार को, व्यवहार आपके व्यक्तित्व को प्रेरित और प्रभावित करता है। एक सुंदर और खूबसूरत व्यक्तित्व, व्यवहार, वाणी और विचारों का मालिक बनने के लिए अपनी सोच को कुतुबमीनार जैसी ऊँची, ताजमहल जैसी सुन्दर और देलवाड़ा के मन्दिरों जैसी खूबसूरत बनाइए। उन्होंने कहा कि सोच को सुन्दर बनाना न केवल अपने संबंध, सृजन और आभामंडल को सुन्दर तथा प्रभावी बनाने का तरीका है बल्कि सुन्दर सोच परमपिता परमेश्वर की सबसे अच्छी पूजा है।

# कलेक्ट्री के पुराने दिनों को ओपी ने याद किया

## जांजगीर स्थित केंदीय विद्यालय को देख ओपी को पुराने दिन याद आए

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संगठन के व्यस्तम दौरे के मध्य जांजगीर जिले में खोखरा रोड के निकट से गुजरते समय केंद्रीय विद्यालय का बोर्ड को देखकर प्रदेश भाजपा नेता ओपी चौधरी की पुरानी यादें ताजा हो गई।

सोशल मंच में केंद्रीय स्कूल से जुड़ी यादों को तरोताजा करते हुए ओपी चौधरी भावुक भी हुए। सोशल मंच में ओपी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1998 के दौरान जिला निर्माण के



बावजूद16 वर्षों तक केंद्रीय विद्यालय का निर्माण नहीं हो पाया था। 2014 के दौरान बतौर कलेक्टर उनकी पदस्थापना इस जिले में हुई। ओपी का मानना है लक्ष्य हासिल करने में जितनी बड़ी बाधा हो उसे संकल्प शक्ति के जरिए आसानी से पार किया जा सकता है। कलेक्टर बनते ही उन्होंने केंद्रीय स्कूल निर्माण की दिशा में प्रयास तेज किए। पालीटेकनिक कालेज कैम्पस में अस्थायी शुरुआत की गई। इसके बाद केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु जांजगीर-चाम्पा के मध्य कुलिपोटा में जमीन आबंटित की गई। एनएच घोषित होने की वजह से आबंटित जमीन दो हिस्सों में बंटने के कारण आवंटन निरस्त हो गया। ओपी ने नया क्षेत्र खोखरा स्थित जमीन का आबंटन कर स्कूल निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। शिक्षा के इस पावन व वृहद मंदिर को देखकर आत्मिक संतोष हासिल करने वाले ओपी चौधरी को छग प्रदेश के बदलाव के महानायक के रूप में देखा जा रहा है। नक्सल क्षेत्र के अंधकार में शिक्षा के जरिए आलोक फैलाने वाले ओपी के प्रयासों को केंद्र की मनमोहन सरकार ने सराहा तो वही राज्य की तात्कालिक रमन सरकार ने भी ओपी के माडल को अपनी योजनाओं में शामिल किया। कार्यों का उद्देश्य जन सेवा को समर्पित हो तो चाहे पक्ष हो या विपक्ष मिलते जन समर्थन के प्रवाह को रोक पाना किसी के बस में नहीं होता।

# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तहसील ईकाई लैलूंगा की कार्यकारिणी गठन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

अम्बेडकर चौंक स्थित सतनाम समुदायिक भवन नगर पंचायत लैलूंगा में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तहसील ईकाई लैलूंगा का नव कार्यकारिणी गठन संबंधी आवश्यक बैठक आयोजित रहा।



हमारे सामाजिक ईकाई लैलूंगा का संबद्ध राज्य स्तरीय संगठन प्रदेश कार्यकारिणी का नवगठित किया गया है। संबंधित निर्देशन आधारित तहसील ईकाई लैलूंगा का भी गठन किया गया। हमारे आज पूर्व अध्यक्ष एवं उनके समस्त कार्यकारिणी के दिशा निर्देश पर समाज में अच्छा उन्नति उचित गाईड लाईन पर समाज में विकास कार्य हुआ जो प्रशंसनीय एवं सराहनीय था। अपनी कार्यकाल पूर्ण कर नवीन कार्यकारिणी की गठन को स्वीकृति प्रदान कर समाज के शीर्ष नेतृत्व पर आधारित प्रक्रिया स्वीकार्य समाज के संरक्षक एवं उपस्थित समाज के समस्त प्रबुद्ध साथियों को नव पदाधिकारियों की गठन हेतु स्वीकृति प्रदाय कि गई, जिसमें सर्व प्रथम अध्यक्ष पद हेतु आयुष्मान सहस राम आर्या, उपाध्यक्ष एलके जांगड़े, देव कुर्रे, जेआर चेलकर, सचिव एमसी भारद्वाज, कोषाध्यक्ष विनोद महेश, मिडिया प्रभारी श्रवण टण्डन, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ उत्तरा महेश, प्रवक्ता रवि किरण घोघरे, संरक्षक एमसी सुर्यवंशी, लक्की कोसरिया उपस्थित कार्यकारिणी सदस्य आरएस नारंग, आरएन मिरी, बाबूलाल बंजारे, पीएन बंजारे, पीआर भारद्धाज, यूएस टण्डन, सुरेन्द्र कुर्रे, विनोद जानी, ओमकार डेहेरिया, उमाशंकर बंजारे, लक्ष्मी प्रसाद बघेल, गोपाल कोशले, रुखनाथ बंजारे, महेश लहरे, संतोष खुटे, विक्की महेश एवं समाज के समस्त साथीगण के रूप में नव पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया है। जो आज दिनांक से पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। आगे समाज को संगठित एवं विकास की शिखर कि पर पहुंचाने कि नेतृत्व हेतु सादर निवेदन किया गया।

# टीबी के संभावित मरीजों की खोज के लिए घर-घर दस्तक दे रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो शरीर के हर अंग को प्रभावित कर सकती है। खासतौर पर यह फेफड़ों को सबसे अधिक क्षति पहुंचाती है। टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिलेभर में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम टीबी के संभावित मरीजों की पहचान कर रही है। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ जया कुमारी चौधरी ने बताया श्जिले में नियमित रूप से संभावित टीबी रोगी की पहचान के लिए घर घर जाकर संभावित रोगियों की खोज की जा रही है । जिले में 3 जुलाई तक 1,479 टीबी संभावित मरीजों की जांच की गई जिनमें से 99 टीबी के संक्रमित मरीज मिले हैं। इनका नियमित रूप इलाज स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है। टीबी रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टीरिया से फैलता है। यह रोग संचारी रोग है। बैक्टीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यह उन व्यक्तियों को अपनी चपेट में जल्दी ले लेता है, जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर होती है। समय पर इसके लक्षणों की पहचान और उपचार कराकर इस रोग से बचा जा सकता है। आगे उन्होंने बताया, टीबी का इलाज कम से कम छह महीने तक चलता है। कुछ विशेष परिस्थिति में डॉक्टर की सलाह पर टीबी का इलाज छह महीने से अधिक तक चल सकता है। टीबी के उपचार के दौरान कई मरीज कुछ स्वस्थ होने के बाद दवाई का सेवन बंद कर देते हैं, जिससे यह रोग और विकराल रूप ले सकता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें



एएनएमए मितानिन, आरएचओ और एमटी होते हैं जब सर्वे के दौरान जब रोगी को चिन्हांकित करते हैं तो उसको नियमित इलाज के लिए भी समझाते हैं । ताकि बीच में रोगी दवाई न छोड़े और टीबी चैंपियन के माध्यम से यह भी बताया जाता है कि उन्होंने टीबी को नियमित दवा सेवन से कैसे मात दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बताया जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी के इलाज के लिए दवाइयां उपलब्ध है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रोंए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में इसकी नि:शुल्क जांचए इलाज और दवाई दी जाती है। टीबी के सभी पंजीकृत मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान पोषण आहार के लिए प्रति माह 500 रुपए की राशि दी जाती है। डॉट सेंटर्स या डॉट प्रोवाइडर्स के माध्यम से टीबी से पीड़ित मरीजों को घर के पास या घर पर ही दवाई उपलब्ध कराई जा रही है।

### टीबी के मुख्य लक्षण

टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी का होना, खांसी के साथ बलगम आना, कभी-कभी थूक में खून आना, वजन का कम होना, भूख में कमी होना, सांस लेते हुए सीने में दर्द की शिकायत, शाम या रात के समय बुखार आना जैसे लक्षण हो सकते हैं।

### कैसे फैलता है टीबी

टीबी के बैक्टीरिया सांस द्वारा शरीर में प्रवेश करते हैं। किसी रोगी के खांसने, बात करने, छींकते, थूकते समय बलगम या थूक की छोटी-छोटी बूंदें हवा में फैलना उपस्थित बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रहते हैं। जो स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में सांस के माध्यम से प्रवेश करके रोग पैदा करते हैं। एक मरीज 15-20 स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है।

### टीबी से बचाव

टीबी की दवाई को बिना डॉक्टरी सलाह के बंद नहीं करना। टीबी से बचाव के लिए जन्म के एक वर्ष के भीतर शिशु को बीसीजी का टीका लगवाना चाहिए। खांसते, छींकते समय मुंह को ढक कर रखें। आसपास साफसफ ाई का विशेष ध्यान रखें।

## कॉलेजों में शहीद नंदकुमार पटेल के छायाचित्र लगाने के आदेश पर कुलपति का गोल्डी नायक ने जताया आभार

**शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के अंतर्गत समस्त कॉलेजों में लगे छायाचित्र**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ भूपेश सरकार द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ में शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। सारंगढ़ कांग्रेस के नेता जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोल्डी नायक ने इस सत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में शहीद नंदकुमार पटेल के छायाचित्र कॉलेज कार्यालय एवं परिसर में लगाए जाने की मांग विवि कुलपति ललित प्रकाश पटेरिया एवं कुलसचिव प्रकाश त्रिपाठी से रखी थी, छात्र हित जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कुलपति ने समस्त महाविद्यालयों को शहीद पटेल की छायाचित्र लगाने के निर्देश जारी किए। जहां लगभग सभी महाविद्यालयों ने अपने कार्यालयों में शहीद नंद कुमार पटेल की छाया चित्र लगाए हैं। उक्त आदेश को लेकर गोल्डी नायक प्रेस संपादक एवं जनभागीदारी समिति सदस्य शास महाविद्यालय सारंगढ़ ने विवि के कुलपति एवं माननीय कुलसचिव का आभार व्यक्त किया है।

## केन्द्रीय टीम के अधिकारियों ने जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों का किया अवलोकन

जोहर छत्तीसगढ़-कांकेर।



जल शक्ति अभियान अंतर्गत केन्द्रीय टीम के अधिकारियों ने गत दिवस कांकेर जिले में किये गये विभिन्न कार्यों रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर, चेक डेम, नाला निर्माण इत्यादि का अवलोकन किया तथा जिला पंचायत में अधिकारियों की बैठक लेकर जल संवर्धन के कार्यों की समीक्षा की। नरवा विकास अंतर्गत जल संवर्धन के लिए किये जा रहे कार्यों की उनके द्वारा प्रशंसा किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने उन्हें जिले में संचालित विभिन्न कार्यों एवं अमृत सरोवर अंतर्गत तालाब निर्माण की जानकारी दी। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एन.के. चौहान, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता पी.एस. सुधाकर, मनरेगा के एपीओ अमित दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि केन्द्रीय टीम के अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर के रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आतुरगांव एवं शासकीय कन्या आश्रम निशानहर्रा में वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का अवलोकन किया।

कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कुलगांव के आश्रित ग्राम लुलेगोंदी एवं नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम चोरिया में अमृत सरोवर कार्य का अवलोकन कर वृक्षारोपण भी किया गया। उनके द्वारा ग्राम सारवण्डी में काडा नाली निर्माण, खल्लारी के कंक नाला में चेक डेम निर्माण तथा रावस नाला में कंटुर ट्रेंच एवं चेक डेम निर्माण का निरीक्षण किया गया।

## टीकाकरण दल ने खेतों में पहुंच कर लगाया पात्र हितग्राहियों को टीका

कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान

**सूरजपुर** । जिले में कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में सभी ब्लाको एवं दूरस्थ क्षेत्र स्थित गांव तथा नगरीय क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों को कोरोना संक्रमण से बचने एवं रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन टीम द्वारा वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज तथा प्रिकोशन बूस्टर डोज खेती किसानी के समय एवं बारिश के मौसम में किसानों के खेतों में होने के कारण वैक्सीनेशन दल खेतों, पेड़ के छांव में एवं डोर टू डोर पहुंचकर वैक्सीनेशन की जानकारी देकर पात्र लोगों को कोरोना का टीका लगा रहे है। आज महाभियान में शाम 4 बजे तक 6071 हितग्राहियों ने वैक्सीन लगाया। कलेक्टर इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम ने दौरा कर वैक्सीनेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शेष पात्र लोगों को टीकाकरण की जानकारी देकर वैक्सिन लगाने निर्देशित किया। गौरतलब है की वैश्वीक महामारी कोविड-19 से बचाव हेतु सूरजपुर जिले में टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। यह महाअभियान जिले के समस्त ग्राम पंचायत, शहरी क्षेत्रों एवं स्कूलों में 6 व 7 जुलाई को आयोजित किया गया। शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने यह महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक छूटे हुए समस्त लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा रहा है।

## अम्पायर और स्कोरर बनने का सुनहरा मौका

जिला क्रिकेट संघ लेगा प्रारंभिक टेस्ट 10 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं खेल के क्षेत्र में प्रशासनिक आदि गुणवत्ता रखने वाले लोगों के लिए अम्पायर और स्कोरर बनने का शानदार मौका देने जा रहा है।



जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि जुलाई माह के अंत में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अम्पायर एवं स्कोरर के लिए सेमीनार एवं परीक्षा का आयोजन करने जा रहा है। इसके लिए सभी जिला क्रिकेट संघ को अम्पायर व स्कोरर हेतु पैनल भेजने की जिम्मेदारी दी गई है। सभी को मौका मिले इसको लेकर जिला क्रिकेट संघ द्वारा 10 जुलाई को शाम 5 बजे से 6 बजे तक के लिए अम्पायर एवं स्कोरर के चयन हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जाएगा। जो भी अम्पायर व स्कोरर बनने के लिए रूची रखते हैं वे जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय 10 जुलाई को शाम 4.30 बजे पहुंचकर पंजीयन करवा लें। मेरीट के आधार पर चयन किया जाएगा। इसके पश्चात राज्य स्तरीय एम्पायर विशाल सिंघानिया एवं महेश वर्मा के द्वारा राजधानी में होने वाली परीक्षा की तैयारी हेतु 2 दिवसीय सेमीनार भी जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### यह है नियमावली

*सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि जो भी प्रतिभागी जिला स्तर की स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल होना चाहते हैं वे 2 पासपोर्ट साईज की फोटोए आधार कार्ड, पेन कार्ड या ड्राइविंग लायसेंस की कॉपी, पूर्व में कोई एम्पायरिंग परीक्षा उत्तीर्ण किए हो तो उसकी कॉपी, पूर्व के मैचेस में किए हुए स्कोरिंग शीट की कॉपी, अम्पायर एवं स्कोरर के लिए वर्तमान नियमानुसार जानकारी होना आदि नियमावली रखी गई है। सभी प्रतिभागी समय पर जिला क्रिकेट संघ कार्यालय पहुंचे।*

## अवैध शिकार ने ली 3 लोगों की जान

जंगली जानवरों को मारने हाईटेंशन तार से लिया कनेक्शन,खुद आए चपेट में; एक हिरण भी मरा



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में अवैध शिकार के चक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों के शव गुरुवार को जंगल में मिले हैं। वन्य जीवों को मारने के लिए आरोपियों ने 11000 वॉट के हाईटेंशन वायर से कनेक्शन लिया था, लेकिन खुद ही उसकी चपेट में आ गए। इस दौरान तार के संपर्क में आकर एक हिरण की भी मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची हुई है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, वन विभाग को गुरुवार को सूचना मिली कि पूंजीपथरा और तराईमाल के बीच जंगल में तीन लोगों के शव पड़े हुए हैं। इस पर पुलिस को लेकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहां पर शवों के पास ही तार का बंडल पड़ा हुआ था। साथ ही एक हिरण भी मरा पड़ा था। इस पर पुलिस ने शवों की शिनाख्त कराई और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं वन विभाग ने हिरण के शव को भी पंचनामे के लिए भेजा है।

बताया जा रहा है कि मौके पर मिले तीनों शवों की शिनाख्त पूंजीपथरा निवासी बीरबल धनवार (36), लैलूंगा सोनाजोरी निवासी अनिल कुजूर और बैगाबहार कोतबा निवासी बोधन तिर्की के रूप में हुई है। तीनों ही पूंजीपथरा के पास एक फैक्ट्री में काम करते थे। बताया जा रहा है कि तीनों बुधवार देर शाम जंगल में शिकार और पार्टी के लिए गए थे। इस दौरान वे जीआई तार लेकर पूंजीपथरा और तराईमाल के बीच जंगल में पहुंचे।

वन विभाग के अफसरों के मुताबिक आरोपियों ने जंगल से गुजरे 11000 वॉट की हाईटेंशन लाइन से वन्य जीवों के शिकार के लिए कनेक्शन किया। आशंका है कि इस दौरान एक हिरण तार की चपेट में आकर मर गया। उसे निकालने के प्रयास में तीनों भी करंट की चपेट में आ गए होंगे और उनकी मौत हो गई। फिलहाल वन विभाग के अफसरों का कहना है कि अभी तीनों के परिजनों से पूछताछ चल रही है। इसके बाद ही स्पष्ट होगा।



## विद्युत कार्य योजना मजरा टोला के अंतर्गत ग्राम बेल्हा का स्वीकृति कार्य पर ठेकेदार की मनमानी

जोहार छत्तीसगढ़-बिलाईगढ़।

विद्युत कार्य योजना मजरा टोला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेल्हा का स्वीकृति कार्य को ठेकेदार द्वारा मनमानी किया जा रहा है



प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार विद्युत कार्यालय भटगांव वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम बेल्हा में ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य योजना मजरा टोला के अंतर्गत स्वीकृति कार्य को ठेकेदार मुकेश जयसवाल को कार्य करने हेतु विद्युत विभाग डिवीजन कार्यालय कसडोल द्वारा ठेका दिया गया है जिस कार्य को ठेकेदार मुकेश जयसवाल द्वारा कार्य को किया गया है वह कार्य गुणवक्ता हिन किया गया है ग्राम बेल्हा का विद्युतीकरण कार्य की पोल गाडने के बाद कई पोल झुक गया था और एक पोल गिर गया था जिसको ग्रामीण द्वारा बोलने पर पुन: ठेकेदार द्वारा कार्य को पूर्ण किया गया है और लगभग दो महा पूर्व ग्राम बेल्हा में पोल एवं केबल ट्रांसफ ॉर्मर स्ट्रक्चर की कार्य को पूर्ण कर लिया गया है और ट्रांसफ ार्मर को ठेकेदार को बोलने के बाद भी आज तक ठेकेदार द्वारा ट्रांसफ ार्मर नहीं लगाया गया है और ठेकेदार के पुरगांव में स्थित राइस मिल में ट्रांसफार्मर रखा हुआ है और राइस मिल का शोभा बढ़ा रहा है, ग्राम बेल्हा के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है उक्त बरसात के दिनों में सांप बिच्छू का खतरा बना हुआ है और विद्युत कार्यालय भटगांव वितरण केंद्र के अंतर्गत कई ग्रामों में अन्य ठेकेदार द्वारा कई माह पूर्व कार्य को पूर्ण कर लिया गए हैं जैसे कि ग्राम बेलमुंडी में ट्रांसफार्मर एवं पोल की कार्य पुर्ण है ग्राम मुड़पार में ट्रांसफ ार्मर एवं पोल की कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं और ग्राम कैथा में ट्रांसफार्मर एवं पोल की कार्य पूर्ण कर लिया गए हैं और भटगांव वितरण केंद्र के अंतर्गत ठेकेदार मुकेश जयसवाल को जितना भी ठेके मिला हैं उसका कार्य अधूरा पड़ा हुआ है अब देखना होगा की अयसी लापरवाही करने वाले ठेकेदार के ऊपर शासन प्रशासन द्वारा क्या कुछ कार्यवाही की जाती हैं।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### एक नजर

## गौ हत्या के मामले में सीतापुर पुलिस ने किया चार आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर क्षेत्र में गौ हत्या का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है आज सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरगुमा में गौ हत्या का एक मामला सामने आया है, जिसमें चार व्यक्तियों द्वारा गुरगुमा के जंगल में ले जाकर एक बेल को काट कर खाने की नियत से मास बनाया जा रहा था, जिसकी सूचना मुखबिर द्वारा सीतापुर पुलिस को प्राप्त हुई, तत्काल पुलिस टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई, और मांस बना रहे चार आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ाए आरोपियों के नाम दुबराज, उराव बुलसाय उरांव, हरिचंद्र उरांव और नीलेश उरांव है ये चारों आरोपी ग्राम गुरगुमा निवासी हैं, सीतापुर पुलिस ने इनके पास से बैल का कच्चा मांस बरामद कर लिया है, तथा इनके ऊपर सीतापुर पुलिस छत्तीसगढ़ कृषक पशु अधिनियम 2004 के अंतर्गत आईपीसी की धारा 429,34,4,5,10 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

## विधानसभा मानसून सत्र 2022 के दौरान कर्मचारियों की लगायी गयी ड्यूटी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र 20 जुलाई से 27 जुलाई 2022 तक संचालित होना है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कुलदीप शर्मा द्वारा इस अवधि में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तैयार करने एवं समय सीमा में भेजने हेतु शासकीय अवकाश के दिनों में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 7 में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर कार्य सम्पादित किये जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। 9 जुलाई को राजस्व विभाग के सहायक ग्रेड 3 ज्ञान प्रसाद भगत तथा भृत्य बाल कुमार, 10 जुलाई को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के सहायक ग्रेड 3 दयाशंकर साहू तथा भृत्य नारेन्द्र सिंह, 16 जुलाई को भू-अभिलेख के सहायक ग्रेड 3 के दिव्य कुमार राजवाड़े तथा चौनमेन अर्जून, 17 जुलाई को भू- अभिलेख के सहायक ग्रेड 3 रामेश्वर द्विवेदी तथा निर्वाचन के भृत्य विश्वास साहू, 23 जुलाई को श्रम विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर परमानंद राजवाड़े तथा महिला बाल विकास मुक्ति कुमार शर्मा, 24 जुलाई को आदिवासी विकास के सहायक ग्रेड 3 नारेन्द्र कुमार विश्वकर्मा एवं राजस्व विभाग प्रोसेस सर्वर लखन राम की डयूटी लगाई गयी है।

## विद्यार्थी दुर्घटना बीमा योजनांतर्गत 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विद्यार्थी दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत 3 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है, जिनमें विकासखण्ड बैकुंठपुर के ग्राम पटेलपारा टेंगनी की छात्रा कलावती के अभिभावक रामजीत, विकासखंड मनेंद्रगढ़ के ग्राम शंकरगढ़ निवासी छात्रा दुर्गा के अभिभावक जीवन सिंह तज ग्राम शंकरगढ़ की छात्रा विमला के अभिभावक संतोष को 1-1 लाख रुपए तथा ग्राम सरई दफाई वार्ड नं. 14 नई लेदरी के छात्र सतीश कुमार के अभिभावक ज्योति को 50 हजार रूपए की राशि की मंजूरी दी गयी है।

## पंचम विधानसभा का चौदहवां सत्र

संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पंचम विधानसभा का चौदहवां सत्र 20 से 27 जुलाई 2022 तक आहूत की जाएगी। रायगढ़ में उक्त सत्र में प्राप्त होने वाले स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, तारांकित/अतारांकित, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार व जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेत अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने की कड़ी कार्रवाई

**सूरजपुर** । कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में 27 जून से 06 जुलाई 2022 तक जिले के समस्त विकासखण्ड अंतर्गत संचालित स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी किया गया। कारण संतोषजनक एवं समय पर प्रस्तुत नहीं होने के कारण विकासखण्ड सूरजपुर के 10 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण, 2 कर्मचारियों का अवैतनिक एवं 4 कर्मचारियों का वेतन रोका गया।

# दुलियामूड़ा के पास सड़क किनारे दिखा दंतैल हाथी, हाथी देख मचा हड़कंप

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वनपरिक्षेत्र अंतर्गत दुलिया मूड़ा के पास सड़क किनारे एक नर हाथी को देख आवाजहि करने वालों में हड़कंप मच गया वहीं सूचना के बाद हाथी मित्र दल द्वारा क्षेत्र का मुआयना किया गया।



जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वनपरिक्षेत्र अंतर्गत दुलिया मूड़ा गांव के किनारे आज शाम करीब 6 बजे सड़क किनारे एक नर दंतैल हाथी को विचरण करते हुए देखा गया हाथी देख सड़क से आवाजहि करने वालों में कुछ देर के लिए हड़कंप का माहौल बन गया, वहीं बताया जा रहा है लोग सड़क के एक छोर से दूसरे छोर में सुरक्षा की दृष्टि से कुछ देर के लिए थम गए, इसी बीच जैसे ही हाथी आमद की जानकारी विभाग सहिंत हाथी मित्रदल को हुई उसके तुरंत बाद एलिफेंट की टीम चौकन्ने होते हुए हाथी लोकेशन में लग गई ताकि लोगों को गुस्सैल हाथी की आमद की जानकारी हो और लोग सतर्क हो जाएं किसी भी तरह की नुकसानी न हो बताया जा रहा है जब हाथी सड़क पार कर राजा जंगल की ओर निकल गया उसके बाद उक्त मार्ग से लोग आवाजहि कर सके यहां बता दें विभागीय जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर करीब 53 की तादाद में हाथी विचरण कर रहे हैं जो कहीं न कहीं प्रभावित क्षेत्रवासियों के साथ साथ वन विभाग के लिए भी चिंता का विषय है।

## बरभौना गांव में रास्ता रोककर युवक की पिटाई

### तीन आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ क्षेत्र में अपने घर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर तीन लोगों द्वारा मारपीट करने की घटना सामने आई है वहीं इस मामले की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम कर लिया गया है। एफ आईआर रिपोर्ट के अनुसार धरमजयगढ़ छाल थाना क्षेत्र के बरभौना गांव में हुई इस घटना के संबंध में वहां के निवासी प्रार्थी युवक ने पुलिस को बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। आगे बताया कि वह अपनी बुआ के घर से अपने घर जा रहा था। उसी दरम्यान गांव के तीन लोग वहां आ गए और गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए यकायक उसकी पिटाई कर दी। जिससे उसे चोटें आई हैं। चोटिल अवस्था मे रायगढ़ में इलाज कराने के बाद उसने प्राथमिकी दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने तीन आरोपी प्रहलाद पटेल, नरेंद्र पटेल व आशीष पटेल के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 34, 341 व 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल इस विवाद के पीछे के स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## बिना प्रशिक्षण जान हथेली पर रख सांप की रेस्क्यू करता हाथी मित्र दल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




बिना प्रशिक्षण दिए वन विभाग द्वारा सांपों का रेस्क्यू कराया जा रहा है। विभाग द्वारा हाथी मित्र दल के कर्मचारियों को सांपों के रेस्क्यू करने भेजा जाता है। लेकिन इस टीम में कोई भी सांप रेस्क्यू करने प्रशिक्षित नहीं है। क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या हाथी की जानकारी एवं उससे संबंधित कार्यों के लिए इन्हें हाथी मित्र दल का गठन किया गया है। जिन्हें हाथी से संबंधित प्रशिक्षण दी गई है। लेकिन अब इस टीम से सांपों का रेस्क्यू कराया जा रहा है। बिना प्रशिक्षण लिए जहरीले सांपों का रेस्क्यू करना खतरों से खेलना जैसा है। बारिश के दिनों में जहरीले जीव जंतु घरों में घुस जाते हैं। जिससे घर वाले भयभीत हो जाते हैं। जिसे रेस्क्यू कराकर जंगल में छोड़ देना बहुत अच्छी बात है। जरूरी भी है कि सांपों का रेस्क्यू कर अनहोनी घटना को रोका जाए। लेकिन इसके लिए हाथी मित्र दल के सदस्यों का जान जोखिम में है। क्योंकि वन विभाग बिना प्रशिक्षण दिए इनसे जहरीले जीव जंतुओं का रेस्क्यू करा रही है। इस विषय में जब उप वनमण्डलाधिकारी धरमजयगढ़ बालगोविंद साहू से चर्चा की कई तो उन्होंने इस बात को स्वीकारा की सांपों का रेस्क्यू करने कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। लेकिन रेस्क्यू के लिए जरूरी कुछ सामान उपलब्ध कराया गया है। अब सवाल उठता है कि क्या इस तरह से जान जोखिम में डाल कर काम करना ठीक है।

## जय वन्दे मातरम संगठन बिलासपुर ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



मां काली के विवादित और अभद्र, हिन्दू जनमानस की भवनाओं को ठेस पहुंचाती पोस्टर जीसमें माता को धूम्रपान करते और आईजीओटीक्यू का झंडा हाथ में लिए हुए दिखाया गया है, इस मामले में आज बिलासपुर छत्तीसगढ़ में जय वन्देमातरम और मातृशक्ति रुद्राणी द्वारा सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया है, इस सम्बंध में दिल्ली, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में पुलिस काली मां के अपमानित वाले पोस्टर पर एफआई दर्ज कर सघन विवेचना कर रही है, फि लहाल इस तरह के निकृष्ट तस्वीर लगाने वाली डायरेक्टर लीना मनिमेकलाई के खिलाफ जन भावना आहत करने की शिकायत दर्ज करवाई गई है, साथ ही साथ ममता के तृणमूल की सांसद महुआ मोइत्रा की भी काली माता को संदर्भित करती विवादस्पद बयान और ट्वीट के विरुद्ध भी शिकायत सिविल लाइन थाने में टीआई परिवेश तिवारी को सौपी गयी, राजेन्द्र सिंह एवं प्रमोद सिंह की अगुआई में बड़ी संख्या में जय वन्देमातरम के जिला संयोजक आकाश यादव के नेतृत्व में रूपेश यादव, किशन निर्मलकर, विकास सन्नी, करण सारथी, गोपाल यादव, रवि ताम्रकार, आदर्श, गोपाल कश्यप,वाशु अटकेश्वर एअभय शर्माएराहुल यादवएराज कश्यप, गीतेश्वरी चौहान, लक्ष्मी साहू, कंचन लांजेकर आदि बड़ी संख्या में मत्रिशक्तियों और नवयुवको का संगठन इस कुकृत्य के विरुद्ध शिकायतकर्त्ता के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने पहुंचे सौपी।

## कांक्रीट हेलीपैड बनाने से खत्म होगा खेल मैदान- महेश चैनानी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के हृदय स्थल में स्थित खेल मैदान धीरे धीरे घटते जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा दो कांक्रीट हेलीपैड मैदान के बीचों बीच बनाया जा रहा है। जिसे खेल मैदान समाप्त हो जाएगी। इसलिए शासन को अनयंत्र कहीं हेलीपैड बनाना चाहिए।



उक्त बातें नगर पंचायत धरमजयगढ़ के पूर्व अध्यक्ष महेश कुमार चैनानी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि दशहरा मैदान के नाम से चर्चित यह हाई स्कूल का खेल मैदान है। जहां शासकीय खेल प्रतियोगिता होता है वहीं खेल प्रेमियों द्वारा भी अनेक प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। लेकिन मैदान के बीच में कांक्रीट हेलीपैड बनने से खिलाड़ियों के लिए खतरा बन सकता है। शासन को चाहिए कि अनयंत्र कहीं हेलीपैड बनाना चाहिए या बिना कांक्रीट वाली हेलीपैड बनाए। चैनानी ने कहा कि इस ऐतिहासिक मैदान में किसी तरह का निर्माण कार्य नहीं करना चाहिए। क्योंकि इस तरह के निर्माण से मैदान का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है।

### थाने में नर कंकाल भी सुरक्षित नहीं

## पुलिसकर्मी सोते रहे गए, कुत्ता उठाकर ले गया, कॉलोनी में छोड़ा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के पुलिस थानों में अब जब्ती का माल भी सुरक्षित नहीं रह गया है। कोरबा की एक पुलिस चौकी में पुलिसकर्मी सोते रह गए और वहां बोरी में रखे एक नर कंकाल को एक कुत्ता लेकर भाग गया। उसने नर कंकाल को एक रिहायशी इलाके में छोड़ दिया। रात में लोगों की नजर पड़ी तो वे डर गए और पुलिस को कॉल किया गया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नर कंकाल जब्त कर राहत की सांस ली। मामला रामपुर चौकी का है। दरअसल, कुछ दिन पहले जिला अस्पताल के पीछे अज्ञात व्यक्ति का नर कंकाल मिला था। उसकी पहचान और जांच के लिए पुलिस ने कब्जे में ले लिया और बोरी में भरवाकर रामपुर पुलिस चौकी में रख दिया था। बताया जा रहा है कि पुलिस चौकी में उसे लावारिस की तरह छोड़ दिया गया था। फिर क्या था,



बुधवार रात आवारा कुत्तों की नजर उस पर पड़ गई। पुलिस चौकी में कुत्ते घुसे और नरकंकाल लेकर भाग निकले। पुलिस चौकी के पास ही CSEB कॉलोनी है। रात को लोग खाना खाकर टहलने के लिए निकले तो उनकी नजर मानव खोपड़ी पर पड़ी। इस पर वे घबरा गए। जानकारी आसपास के लोगों को लगी तो वहां भीड़ लग गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद उसे जब्त कर लिया गया। गनीमत रही कि कुत्तों ने नर कंकाल पुलिस चौकी के पास ही छोड़ा था। अगर ऐसा नहीं होता तो पुलिस के लिए भी सिरदर्द बन जाता।

## पेलमा गांव में अज्ञात व्यक्ति ने की तीन युवकों की पिटाई

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




### केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

क्षेत्र के पेलमा गांव में अज्ञात आरोपी द्वारा तीन युवकों की पिटाई करने का मामला सामने आया है। इस घटना में तीनों को चोटें आई हैं। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रार्थी के भाई को अम्बिकापुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस मामले की शिकायत पर पुलिस संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र के प्रार्थी लम्बोदर राठिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते 6 जून को रात में करीब आठ बजे गांव के ही एक युवक ने उसे फ ोन पर बताया कि गांव के घोघरा मोहल्ले में प्रार्थी के छोटे भाई गोपाल राठिया व दो अन्य युवकों को अज्ञात आरोपी के द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे मारपीट की गई। प्रार्थी के अनुसार फोन पर घटना की सूचना देने वाले युवक ने बताया कि अंधेरा होने की वजह से आरोपी को वह पहचान नहीं पाया। वहीं, जब प्रार्थी ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो तीनों युवक घायल अवस्था में थे। जिसके बाद उन्हें कापू के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया। प्रार्थी ने बताया कि उसके भाई गोपाल के सर के पीछे के हिस्से में चोट लगी हैए जिसके कारण बेहतर इलाज के लिए अम्बिकापुर अस्पताल रेफर किया गया है। इस पूरे मामले की सूचना पर कापू थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323 व 506 के तहत मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### रिटेल सेल्स एसोसिएट एवं सिक्योरिटी गार्ड के लिए पंजीयन 8 एवं 09 को लाईवलीहुड कॉलेज में

जोहर छत्तीसगढ़-कांकेर।

बेरोजगार युवकों के भविष्य को बेहतर एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कांकेर जिले में उपलब्ध संसाधन एवं रोजगार की संभावनाओं से युवाओं को सक्षम बनाने लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर में कौशल विकास योजना अंतर्गत 20 सीटो में रिटेल सेल्स एसोसिएट एवं 30 सीटों के लिए सिक्योरिटी गार्ड कोस में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण दिया जायेगा। 8 एवं 9 जुलाई 2022 को प्रातः 11 से 4 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में उक्त प्रशिक्षण के लिये कांउसलिंग का आयोजन किया जायेगा। जिले के ऐसे युवा जो 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के है और प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते वे 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, 3 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर के कांउसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

जोहर छत्तीसगढ़- कांकेर।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिये गये प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कांकेर तहसील के ग्राम पांडरवाही निवासी 75 वर्षीय देवनाथ यादव की तालाब मे डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस कनेसिंह यादव के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार कांकेर के द्वारा हितग्राही के बैक खाता में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से गोधन न्याय योजना की राशि किया जारी

जोहर छत्तीसगढ़-कांकेर।





प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचने वाले पशुपालकों, ग्रामीणों से 15 जून से 30 जून तक क्रय किए गए गोबर के एवज में 10 करोड़ 84 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की, जिसमें कांकेर जिले के 1300 हितग्राहियों के लिए 8 लाख 66 हजार 972 रूपये ऑनलाईन जारी किये गये। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत् भी हितग्राहियों के लिए अनुदान जारी किया गया, जिससे कांकेर जिला की हितग्राही प्यारी टांडिया, भोज बेलोदिया, प्रेमिता भेड़िया और अंजू कुल्हरिया भी लाभान्वित हुई हैं। वे सभी ग्राम पोटगांव गौठान के स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। प्रत्येक हितग्राही को 70 हजार रूपये की लागत के जर्सी नस्ल की दुधारू गाय एवं बछड़ा दिया गया है, जिसके लिए पशुधन विकास विभाग के मद से 46 हजार 620 रूपये और शेष राशि डीएमएफ मद से अनुदान में दी गई है। गाय-बछड़ा के लिए तीन महीने का दाना भी दिया गया है, साथ ही पशुधन विभाग द्वारा देखरेख भी किया जायेगा। दुधारू गाय प्राप्त होने से हितग्राही महिला अंजू कुल्हारिया ने खुशी का ईजहार करते हुए कहा कि प्रतिदिन 10 लीटर दूध मिलेगा जिसे कांकेर ले जाकर बेचेंगे तथा गाय के गोबर को अपने गांव के गौठान में बेचकर आमदनी प्राप्त करेंगे। राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा गाय-बछड़े की अच्छी तरह दे

### सौर ऊर्जा से रौशन होगा बापूनगर का अस्पताल मार्ग

**भिलाई ।** बापू नगर स्थिति अस्पताल जाने का मार्ग जल्द ही सौर ऊर्जा से चलित एलईडी लाईट से जगमगाएगा। जल्द ही इस मार्ग पर सौर ऊजा से चलने वाली एलईडी लाइट लगाई जाएगी। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। जल्द ही लाइट लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। करीब 10 लाख की लागत से एलईडी लाइट लगाई जाएगी।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in